Sixth Series, Vol. VI No. 4

Thursday, November 17, 1977
Kartika 26, 1899 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

(Third Session)

4(7) 3
6 12 82

(Vol.VII contains Nos. 1 to 10)

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

Price : Rs. 4 00

CONTENTS

No. 4, Thursday, November 17, 1977/Kartika 26, 1899 (Saka)

COLUMNS

Oral Answers to Questions :

*Starred Questions Nos. 61, 62 and 64 to 66. 1—29

Written Answers to Questions :

Starred Questions Nos. 63 and 67 to 80. . 29—47

Unstarred Questions Nos. 601 to 613, 615 to 621, 624 to 676, 678 to 685, 687 to 724, 726 to 733, 735 to 767, 769, 771, 772 and 774 to 800. 47—224

Question of Privilege Against Shrimati Indira Gandhi and others 225—52

Papers laid on the Table . . 253—56

Calling Attention to Matter of Urgent Public Importance—

Reported assault by R.S.S. workers on Shri Damodaran Nair, a Guide of Gandhi Smriti. . . . . 256—86

Committee on Papers Laid on the Table—

(i) Minutes 286

(ii) First Report 286

Public Accounts Committee—

Sixteenth Report 286

Railway Convention Committee—

First Report . . 286

Committee on Absence of Members from the Sittings of the House

Third Report 287

Business Advisory Committee—

Sixth Report 287

Matters under Rule 377—

(i) Statements made by two Central Ministers about Chief Minister of Tamil Nadu . . . . . 287—92

(ii) Working of Grindlay's Bank, Ltd. . . . . 292—93

*The sign + marked above the name of a Member indicates that the question was actually asked on the floor of the House by that Member.

COLUMNS

Motion *re.* Twentieth, Twenty-first and Twenty-second Reports of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes
and
Discussion on Employment of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in services against Reserved Quota . . . . 293—350

Shri Kachrulal Hemraj Jain . 294—99

Shri Ram Lal Rahi . . . 299 –308

Shri Eduardo Faleiro . . . . 308—313

Prof. P. G. Mavalankar . . 313—320

Shri L. L. Kapoor . 230—328

Shri Mahi Lal . . 328—341

Shri K. Pradhani . 342—346

Father Anthony Murmu . 346—350

Shri C. N. Visvanathan . . 350

LOK SABHA

Thursday, November 17th, 1977/Kartika 26, 1899 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Malaria Epidemics in Delhi

*61. SHRI SHYAMAPRASANNA BHATTACHARYYA:
SHRI GANGADHAR APPA BURANDE:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether attention of Government has been drawn to the report that Malaria has broken out as an epidemic in Delhi;

(b) the total number of cases registered so far including those with the private doctors; and

(c) the steps taken to eradicate Malaria from the country?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) 1977 के दौरान दिल्ली में मलेरिया बहुत अधिक रहा है । तथापि, सितम्बर, 1977 के पिछले सप्ताह से मलेरिया के प्रकोप में कमी हुई है ।

(ख) अक्तूबर, 1977 के अन्त तक 1,68,729 रोगी दर्ज किए गये थे । प्राइवेट डाक्टरों द्वारा कितने रोगियों का इलाज किया गया, इस की सरकार को कोई जानकारी नही है ।

(ग) एक विवरण जिसमें इस रोग के उन्मूलन/नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा किए गए उपाय का वर्णन किया गया है, सभा पटल पर रख दिया गया है ।

विवरण

मलेरिया के नियंत्रण के लिए भारत सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाए है :—

1. पहली अप्रैल, 1977 से राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों द्वारा एक संशोधित कार्य योजना लागू की जा रही है । राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मलेरिया का उन्मूलन करना ही है जिसे वर्तमान में भी जारी रखने का विचार है ।

2. राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के मौजूदा यूनिटों को जिलों की भौगोलिक सीमाओं के अनुरूप पुनर्गठित कर दिया गया है । जिला के कार्यक्रम के लिए जिला के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मुख्य रूप से जिम्मेदार बनाया गया है ।

3. अपेक्षित किस्म की कीटनाशी दवाइयां अधिक मात्रा में उपलब्ध स्रोतों के अन्तर्गत दी जा चुकी हैं / दी जा रही हैं।

4. ऐसे सभी देहाती क्षेत्रों में जहां एक हजार जनसंख्या के पीछे दो या दो से अधिक मलेरिया की घटनाएं हुई हैं, कीटनाशी दवाइयों का छिड़काव किया गया है।

5. राज्य / संघ शासित क्षेत्रों की सरकारों को मलेरिया रोधी औषधियों पर्याप्त मात्रा में दी गई हैं। औषधि डिपो / औषधि वितरण केन्द्र / बुखार उपचार केन्द्र खोल दिए गए हैं; जहां से लोगों को मुफ्त मलेरिया-रोधी औषधियां आसानी से मिल सकती हैं। ऐसे कुछेक क्षेत्रों में जहां पर जीवियों पर क्लोरिक्विन प्रभावकारी सिद्ध नहीं हुई है, वहां कुनीन जैसी अन्य मलेरिया-रोधी दवाइयां दी गई हैं।

6. शहरी मलेरिया क्षेत्र कार्यक्रम के अन्तर्गत लार्वा-रोधी कार्य बढ़ा दिया गया है। इस योजना के अन्तर्गत पहले से ही 28 नगरों में कार्य चल रहा है और इनके अलावा 1977–78 के दौरान 38 और नगरों में भी इस योजना को आरम्भ कर दिया गया है।

7. रक्त लपों के शीघ्र परीक्षण के लिए और पाजिटिव रोगियो का शीघ्र इलाज करने के लिए प्रयोगशाला सेवाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक विकेन्द्रीकृत कर दिया गया है।

8. फील्ड स्टाफ का सुपरवीजन तेज कर दिया गया है।

9. मलेरिया में सैद्धान्तिक और व्यावहारिक अनुसंधान करने के लिए कदम उठाए गए है।

10. **पी० फाल्सीपरम** के संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की सहायता से उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में गहन अभियान प्रारंभ कर दिया गया है।

11. इस बीमारी के बारे में स्वास्थ्य-शिक्षा देने और इस पर काबू पाने के लिए पंचायतों, स्कूल-अध्यापकों, विद्यार्थियों, युवा-संगठनों, चिकित्सकों आदि जैसे सार्वजनिक संगठनों का सहयोग प्राप्त करने के लिए भी कदम उठाए गए है।

श्री श्याम प्रसन्न भट्टाचार्य : मंत्री महोदय ने सभा पटल पर जो विवरण रखा है उसमें 11 आइटम्स दिये गये है। क्या मंत्री जी बतायेंगे कि आइटम नं० 4, 7, 9, 10 और 11 में जो कहा गया है क्या इस पर इमप्लीमेंटेशन होता है, इसकी उनको जानकारी है? जब इतने स्टैप्स लिये जाते है फिर भी मलेरिया बढ़ रहा है इसकी **क्या वजह है?**

श्री राज नारायण : जो कुछ सूचना हमने दी है एक से लेकर 11 तक सभी की जांच की जाती है और सब अपनी जगह पर यथा स्थान उचित कार्य करते हैं।

श्री श्याम प्रसन्न भट्टाचार्य : आइटम 10 में मंत्री जी ने बताया है कि वर्ल्ड हैल्थ आर्गेनाइजेशन की मदद से इंटेन्सिव केम्पेन शुरू किया गया है, तो मैं जानना चाहता हूं कि यह कब से शुरू हुआ है और कब तक जारी रहेगा?

श्री राज नारायण : जो प्रश्न माननीय सदस्य पूछ रहे है उसका उत्तर मैं बहुत थोड़े

में दिये देता हूं "सीता कर दुःख विपद विशाला, बिन हि कहे भल दीन दयाला"। श्री राम ने हनुमान जी से पूछा कि सीता का कैसा हाल है, तो हनुमान जी ने कहा कि उसके दुःख को न जानिये यही अच्छा है। तो इसी प्रकार मलेरिया को न छूना ही अच्छा है। अब चूंकि माननीय सदस्य ने पूछ ही लिया है कि मलेरिया की स्थिति क्या थी, कैसे थी, कब थी, तो हमारा कर्त्तव्य हो जाता है कि पूरा विवरण सदन के पटल पर रखें और सम्मानित सदस्य पूरी जानकारी से अवगत हो जायें।

MR. SPEAKER: Your first answer was very brief. I thought you would be brief.

श्री राज नारायण : कोशिश करूंगा कि ब्रीफ़ में कहूं। सीता कर दुःख विपद विशाला, बिन ही कहे भल दीन दयाला। यह हनुमान जी राम चन्द्र जी से बोले है। भारत में मलेरिया जन-स्वास्थ्य की प्रमुख समस्या रही है। देश में 1953 से राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के शुरू होने से पहले प्रतिवर्ष अनुमानित 7 करोड़ 50 लाख लोगों को यह रोग होता रहा है। और महामारी के दौरान रोगियों की संख्या इससे दुगुनी होती जाती है। मलेरिया से अनुमानतः 8 लाख लोग प्रति वर्ष मरते थे। इस रोग की व्यापकता को देखते हुए भारत सरकार की स्वास्थ्य सर्वेक्षण और विकास समिति ने 1946 में सिफारिश की थी कि सारे देश में एक मलेरिया विरोधी संगठन की स्थापना की जाये। अप्रैल, 1953 में भारत सरकार ने द्विपक्षीय और अन्तर्राष्ट्रीय सेवाओं के सहयोग से राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम नाम से एक व्यापक छिड़काव कार्यक्रम शुरू किया। इसके पर्याप्त उत्साहवर्द्धक परिणामों के साथ साथ इस आशंका से कि रोगवाहक मच्छरों में कीट-नाशक दवाओं को हज्म करने की शक्ति पैदा हो जायेगी, भारत सरकार ने 1958 में इसे राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में बदल दिया। इस विश्वव्यापी कार्यक्रम में भारत अग्रणी रहा है और इसने इस बारे में सारे विश्व का निश्चित नेतृत्व किया है।

सम्मानित सदस्य जरा ठीक से सुनें, हम रात को मेहनत करते हैं। 1958 से 1965 तक राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम ने संतोषजनक रूप से प्रगति की। 1965 में कोई मृत्यु नहीं हुई और करीब-करीब रोग खत्म हो गया।

SHRI R. V. SWAMINATHAN: Is he answering or making a speech?

SHRI RAJ NARAIN: I am giving the information to the House. You do not want to hear the information.

1958 से 1965 तक राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम ने संतोषजनक रूप से प्रगति की और इसके जो परिणाम निकले थे, वे बहुत ही असाधारण थे।

MR. SPEAKER: Give substance.

SHRI RAJ NARAIN: I am giving substance.

अब 1965 के बाद आ गया 1966 तो मैं यह कहना चाहता हूं,

श्री वसन्त साठे : 1965 का क्या करना है, अभी तो मलेरिया ब्रेक हुआ है, उसको बताइये।

MR. SPEAKER: Why do you have malaria in the House?

श्री राज नारायण : यह आदरणीय सम्मानित सदन है, इसको किसी राजनीतिक दल का अखाड़ा न बनाइये। यह मलेरिया सारे देश में फैला हुआ है।

1965 में कोई मौत नहीं हुई। अब आ गया 1966, सम्मानित सदस्य जान लें कि 1966 में भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्रीमती

इन्दिरा गांधी का नेतृत्व आ गया । 1966 से ही मलेरिया प्रगति पर है । 1974, 1975 और 1976 का एमर्जेंसी के दौरान का भी पढ़ देता हूं । 1974 में 31,67,658 लोग मलेरिया रोग से ग्रस्त हुए, और तीन मौतें हुई हैं । 1975 में 51 लाख 66 हजार 142 लोग इस से ग्रस्त हुए और 99 मौतें हुई । 1976 में 6 लाख 49 हजार 481 लोग ग्रस्त हुए और 40 मौतें हुई हैं । सितम्बर तक इस साल जब से जनता पार्टी का शासन आया है, सात महीने समझ लीजिए, इन सात महीनों में 3 लाख 21 हजार 864 लोग इससे ग्रस्त हुए । यानी घटाव पर मलेरिया को हम ले जा रहे हैं । ईमानदारी से हम लोगों को सोचना चाहिए, 73, 74, 75 और 76 में पूर्ण रूपेण छिड़काव बन्द हो गया । सारे साधन जुटा कर लगा दिए गए कम्पल्सरी स्टेरिलाइज़ेशन में । मैंने सब राज्यों के हेल्थ डाइरेक्टरों की मीटिंग की इस के लिए कि मलेरिया बढ़ा क्यों ? सभी राज्यों के हेल्थ डाइरेक्टर्स और हेल्थ मिनिस्टर्स की मीटिंग में हम ने यह पूछा कि मलेरिया बढ़ा क्यों तो लोगों ने बताया कि 73, 74, 75 और 76 में सारे जितने सरकारी साधन थे सब जबर्दस्ती नसबन्दी में लगा दिए गए । डी डी टी का छिड़काव बिलकुल बन्द कर दिया गया । मलेरिया मारक दवाओं का छिड़काव बन्द कर दिया गया इसलिए मलेरिया का प्रकोप बढ़ गया ।

SHRI SHYAMAPRASANNA BHATTACHARYYA: After the come-back of malaria epidemic particularly because of DDT resistence of the mosquitoes, the epidemic is developing throughout India, not only in Delhi but also in the eastern parts of India and in the tribal areas, and in view of that, may I know from the hon. Minister whether he is sufficiently confident that by his energetic work that he is doing he will be able to check the spread of malaria epidemic throughout India and, secondly, whether he is aware of the fact that in New York and Washington, the immunity and vaccination systems have been developed, and, if so, whether we are doing sufficient research work to develop vaccination for malaria resistence?

श्री राज नारायण : श्रीमन, जहां डी डी टी काम नहीं करती वहां बी एच सी का छिड़काव करते हैं । यह दवा हैं जिस से मलेरिया के कीटाणु मरते हैं .....

श्री वसंत साठे : आयुर्वेद की ?

श्री राज नारायण : अगर आयुर्वेद का मज़ाक कर के देश के विकास को प्रगति की दिशा में ले जाना चाहता है विरोध पक्ष तो मैं चह्वाण साहब से कहूंगा कि क्यों विरोध पक्ष के नेता बने हुए हैं ? छोड़ दें । रोजाना बम्बई से, महाराष्ट्र से आयुर्वेद के उद्घाटन के लिए हमारे पास लोग आते हैं । आज भी चीफ मिनिस्टर साहब आए हैं ...

MR. SPEAKER: Please don't reply to any interruption; you just answer the question.

श्री राज नारायण : जहां जहां जिन दवाओं की कमी हो रही है उन दवाओं को नया बनवाने के लिए भी हम ने काम शुरू कर दिया है । इस सम्बन्ध में मैं आप को आगे बताऊंगा जब कालाज़ावर के सम्बन्ध में प्रश्न आयेगा । इस समय इतना ही काफ़ी है ।

हमारे मित्र ने पूछा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आप को क्या मदद दी है ? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हम को 2.92 लाख डालर्स की मदद दी है, इस का हिसाब रुपयों में आप लगा लीजिए, क्योंकि डालर का भाव घटता-बढ़ता रहता है ।

SHRI BEDABRATA BARUA: I hope you will ask the Minister to answer the relevant part of the question. So far as national context is concerned, he has not answered that part. I don't think he has answered at all what steps are going to be taken. My main question is about the mosquitoes in Delhi. They have made a come back to Delhi; from the time the Janata Government started the activities of the mosquitoes have also started. By now they are in good form and are spreading everywhere. You know anti-malaria oil is not available and no action has been taken. The drains are full of mosquitoes. I hope the Minister will say something about it and not refer to Mrs. Indira Gandhi or such other things. These mosquitoes are very much there. Why are they not sprinkling anti-malaria oil over the drains that are lying open everywhere?

MR. SPEAKER: You can avoid mentioning about Janata Government. He can avoid mentioning about Indira Gandhi.

श्री राज नारायण : कभी-कभी कोई मनुष्य भी कीटाणु का काम करता है। इसी लिए इन्दिरा जी चव्हान सहाब के लिए सब से बड़ी मलेरिया की कीटाणु बन गई हैं।

अध्यक्ष महोदय, यह सही है कि इस साल दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर-प्रदेश, मध्य प्रदेश भयंकर बाढ़ग्रस्त क्षेत्र रहे हैं। इतनी ज्यादा बाढ़ आई है कि कहा नहीं जा सकता। इसी तरह तमिलनाडू में बड़ा भारी तूफान आया है, हम ने वहां की सरकार से पूछा है—हालांकि उन्होंने हम से नहीं पूछा—कि वे हम को बतलायें कि हम किन-किन और कितनी दवाओं से उन की मदद करें .....

SHRI RAGAVALU MOHANARANGAM: About the present position of Tamilnadu, our Chief Minister has already sent two letters. (*Interruptions*) He says that they have not received anything from our State. Then there was cyclone in our State. We are going to send, after assessing the entire loss about this cyclone, to the Government of India a statement showing the total loss and other details. In spite of all these things, he says that he has not received anything from Tamilnadu. He has got personal enmity towards our State. Only one hour is allotted for Question Hour and he has already taken a lot of time only for this single question. Tamilnadu is a part of India. (*Interruptions*)

SHRI C. N. VISVANATHAN: They have already sent two letters mentioning the present position of Tamilnadu. Then there was cyclone in our State. They are going to send a statement showing the entire loss. In spite of all these things, he says that they have not received anything from Tamilnadu. (*Interruptions*)

श्री राज नारायण : मैंने जो कहा है—उस में कोई पाप नहीं किया है, गुनाह नहीं किया है। वहां के स्वास्थ्य सचिव के पत्र को भी मैं वहां के चीफ मिनिस्टर का पत्र मानूंगा। वे कह कर गये हैं कि हम पूरा ब्यौरा भेजेंगे। अगर मेरे मित्र नहीं जानना चाहते हैं, तो मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि तमिलनाडू दवाओं के रूप में जो भी सहायता चाहेगा, वह हमारी सरकार देगी।

जहां तक दिल्ली का सम्बन्ध है, 1976-77 के दौरान दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगरपालिका को सप्लाई की गई सामग्री यह है :—एम० एल० ओ० : 698 किलोग्राम, पेरिसग्रीन: 1700 किलोग्राम, मिट्टी का तेल : 28 किलोग्राम, पेरोसीन एक्सट : 10,000 लिटर, पिरेथ्रम : 900 लिटर और बेटेक्स : 1,000 लिटर।

PROF. P. G. MAVALANKAR: May I submit that 20 minutes have already

passed and still the first Question is going on. Should we not try to cover more Questions? Our names come in the ballot and still our questions are lost!

श्री लक्ष्मी नारायण नायक : जो डी० डी० टी० पहले छिड़की जाती थी, उस में ज्यादा असर रहता था। क्या मंत्री महोदय इस बात की जांच करवायेंगे कि डी० डी० टी० अब असर क्यों नहीं रखती है ?

श्री राज नारायण : अध्यक्ष महोदय, मेरा नम्र निवेदन है कि इस से पहले दिल्ली के बारे में जो सवाल पूछा गया था, आप ने उस का जवाब पूरा नहीं होने दिया।

MR. SPEAKER: Please answer his question.

श्री राज नारायण : अगर मलेरिया के कीटाणुओं के पैदा होते ही तत्काल उन्हें मार दिया जाये, तब तो वे मर जाते हैं, लेकिन अगर उन्हें बढ़ने दिया जाये, तो उन में बाहरी दवाओं के प्रति रेसिस्टेंस की शक्ति बढ़ती है।

मलेरिया के कीटाणुओं में रेसिस्टेंस की शक्ति बढ़ गई है। यही कारण है कि डी० डी० टी० आदि का उन पर कोई असर नहीं होता है।

आनन्द मार्गियों द्वारा विदेशों में भारतीयों पर आक्रमण

+

*62. **श्री सुखेन्द्र सिंह :**
श्री इब्राहीम सुलेमान सेठ :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशों में स्थित हमारे अनेक दूतावासों को न केवल धमकी भरे पत्र मिल रहे हैं बल्कि विदेशी आनन्दमार्गियों द्वारा हमारे दूतावासों के अधिकारियों पर आक्रमण की घटनाएं भी हो रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो अब तक ऐसी कितनी घटनाएं हुई हैं; और

(ग) भारत सरकार ने इस मामले में क्या कार्यवाही की है ?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) : (क) जी, हां।

(ख) (i) अब तक कुल मिला कर 12 मिशनों में धमकी भरे पत्र प्राप्त हुए हैं;

(ii) आक्रमण की वारदातें हमारे कैनबरा और लंदन स्थित मिशनों में तथा एअर इंडिया मेलबोर्न में ही हुई है।

(ग) सम्बद्ध मिशनों ने अपनी-अपनी आतिथेय सरकारों के साथ कर्मचारियों और सम्पति के लिए पर्याप्त सुरक्षा का प्रबन्ध उठाया है। विदेश-स्थित सभी भारतीय मिशनों/केन्द्रों/कार्यालयों को यह परामर्श दिया गया है कि वे विभागीय सुरक्षा अनुदेशों का पालन करें तथा स्थानीय विदेश कार्यालय और सुरक्षा अभिकरणों से निकट सम्पर्क रखें। कल कुआला-लम्पुर में एयर इंडिया के कार्यालय में जो घटना हुई है, मैं उस का भी उल्लेख कर देना चाहता हूं। एयर इण्डिया का दफ्तर चौदह-मंजिला इमारत में है। वहां शौचालय में एक टाइम बम पाया गया। तत्काल पुलिस को खबर दी गई लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह बम फट गया। एअर इंडिया का एक कर्मचारी घायल हुआ है। जिन्होंने बम रखा उनका अभी तक पता नहीं लगाया जा सका है। बम के साथ कोई पत्र नहीं था लेकिन आज सवेरे कुआलालंपुर स्थित भारतीय हाई कमीशन को एक चिट्ठी मिली है जो यूनिवर्सल प्राऊटिस्ट रेवोल्यूशनरी

फडरेशन की ओर से लिखी गई है। उसमे कहा गया है कि अगर सरकार को छोड़ा नहीं जायेगा तो हमारे प्रधान मंत्री, श्री मोरा जी देसाई की जान खतरे में है। लेकिन इस पत्र में एयर इंडिया के दफ्तर में हुए विस्फोट का हवाला नहीं है यद्यपि सम्बन्ध स्पष्ट है।

श्री सुखेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदय, यह स्थिति बड़ी चिन्ताजनक है। अभी जैसा माननीय मन्त्री जी ने बताया कि 12 विदेशी मिशनों में धमकी भरे पत्र मिले हैं, दूसरे स्थानों पर भी इस तरह की घटनायें घट रही हैं, मेरा मन्त्री जी से निवेदन यह है कि जब यह स्पष्ट है कि इन सारी घटनाओं के पीछे आनन्दमार्गियों का हाथ है और वे सब हमारे देश के आनन्दमार्गी हैं जो कि सब कुछ कर रहे है तो इस तरीके के आतंकवादी संगठन के खिलाफ सरकार कोई निश्चित कार्यवाही करे।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, विदेशों में जो घटनायें हो रही हैं जिनके अन्तर्गत हमारे कर्मचारी घायल हुए है और हमारे कार्यालयों पर हमले हुए हैं —स्वाभाविक रूप से वह सरकार के लिए और इस सदन के लिए तथा सारे देश के लिए चिन्ता का विषय है। इन घटनाओं को रोकने के लिए हमने अन्तर्राष्ट्रीय पुलिस संगठन से भी सम्पर्क स्थापित किया है। गृह मंत्रालय के अन्तर्गत एक विशेष सेल कायम किया गया है जो सारे मामले पर कठोर नजर रख रहा है और सुरक्षा की कार्यवाहियां कर रहा है। विदेशों में होने वाली इन घटनाओं के प्रकाश में भारत में क्या किया जाए, यह प्रश्न विचाराधीन है।

श्री सुखेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे जो अधिकारी है दूतावासों के वे बड़े आतंकित है, भयग्रस्त है इसलिए अकेले वहां की सरकार को कह देने मात्र से क्या उनकी सुरक्षा हो जाएगी? इस संबंध में निश्चित कार्यवाही होनी चाहिए। जिससे उनके अन्दर जो आतंक और भय व्याप्त है वह दूर हो सके। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं क्या इस संबंध में कोई कार्यवाही हुई है?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, यह कहना ठीक नहीं होगा कि विदेशी मिशनों में स्थित भारतीय कर्मचारियों में बड़ा आतंक है। सच्चाई तो यह है कि उनका मनोबल बड़ा ऊंचा है और बड़ी हिम्मत के साथ वे अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। हमने उनकी सुरक्षा के प्रबन्ध किए है लेकिन एक बात हमें स्मरण रखनी चाहिए कि यह दूतावास जिन देशों में है उन देशों की सरकारों का प्राथमिक कर्तव्य है कि हमारे दूतावास में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा का प्रबन्ध करें। अपनी ओर से जो इन्तजाम सम्भव है वह हम कर रहे है। हमने उसको और भी कड़ा बनाने का फैसला किया है।

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT: May I know from the Hon. Minister whether, in view of the fact that there is threat of attack on about 12 foreign Missions abroad, any arrest has been made so far in this connection? The Minister has just now said that they have been taking precautionary measures and are in contact with foreign countries. I would like to know the reaction of the foreign countries. How far are the cooperative in trying to find out the culprits and in trying to see that such things are put an end to?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: We are getting full cooperation from

the foreign Governments concerned. In one case, which was a case of serious nature, Col. Ekbal Singh was stabbed in the chest while he was asleep in his house and then attempts were made to kidnap him. The culprit has been arrested. He is a 26 years old Australian and he has confessed to the crime, giving the non-release of Shri P. R. Sarkar as the motive.

श्री ब्रजभूषण तिवारी : क्या माननीय मंत्री जी यह बताएंगे कि विदेशों में जो इस प्रकार की घटनाएं हो रही है उन को करने वाले क्या भारत के लोग है या विदेशों के विदेशी लोग हैं और क्या यह किसी बड़े अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का परिणाम है ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय इन सब घटनाओं से विदेशी सम्बद्ध है पर इन विदेशियों के पीछे कौन भारतीय हैं इस की हम जांच-पड़ताल कर रहे हैं।

श्री सोमजी भाई डामोर : अध्यक्ष महोदय हमारे मंत्री जी जब से विदेश मंत्री बने है, वे ज्यादातर विदेशों में रहते हैं। तो मैं जानना चाहता हूं कि उन को भी क्या खून की धमकी मिली है ?

प्रो० पी० जी० मावलंकर : क्या यह कोई प्रश्न है ? इन्होंने यह क्या पूछा है ?

MR. SPEAKER: This is not a relevant question.

श्री यादवेन्द्र दत्त : क्या विदेश मंत्री जी को इस बात की जानकारी हो गई है कि आनन्द मार्ग की जो संस्था है और जिसके अन्तर्गत यह प्राऊटिस्ट ब्लाक टेररइज्म कर रहा है, इसका स्पष्ट सम्बन्ध इन्टरनेशनल टेरोरिस्टस से हो गया है और उसको वे लोग फाइनेन्स कर रहे हैं जिन का आइडिया फिलीपीन्स से ले कर दूसरे सारे देशों में टेररइज्म फैलाने का है ? यदि सरकार को यह जानकारी हो गई है, तो इस पर भारत सरकार क्या विचार कर रही है और इसके बारे में क्या कदम उठाने जा रही है ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अभी सरकार के लिए यह कहना सम्भव नहीं है कि ये हमले प्राऊटिस्ट ब्लाक के अतिरिक्त किसी अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा प्रेरित है। तथ्यों का पता लगाने के लिए हम जांच पड़ताल कर रहे है और जैसे ही हमें जानकारी मिलेगी हम बताएंगे।

SHRI EDURADO FALEIRO: All these threats are to the effect that unless Shri P. R. Sarkar is released unconditionally, they will put these threats in execution. All of us know and the country knows that these are from the Proutist organization, which is the inner core of the Anand Marg and who does this job. In the past, big eminent people including the Chief Justice of India, the Home Minister and the head of the Customs have been connected with Anand Marg. Why is this Government not banning Anand Marg and this Proutist Organization which is committed to violence? Is it because of some pressure which is being brought by the high-ups in the Government who are members of this organization?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Government is not under any pressure from any quarter. The hon. Member has made a suggestion for action which will be considered.

श्री नाथू सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं यह जानना चाहता हूं कि इतने

धमकी भरे पत्र जिन संगठनों से मिले हैं, क्या उन संगठनों से बातचीत करने की कोशिश सरकार ने की है ? यदि बातचीत की है तो क्या बातचीत की है मैं यह भी जानना चाहूंगा कि ये जो धमकी भरे पत्र मिले हैं यें क्या उन्हीं संगठनों ने दिए हैं या उन का नाम ले कर किसी दूसरे संगठन या व्यक्ति ने लिखे हैं ? इन बातों की जांच पड़ताल क्या सरकार ने की है ?

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : अनेक धमकी भरे पत्र जो मिले हैं, उन में भेजने वाले का नाम नहीं है, पता नहीं है। फिर उन से कैसे बात की जा सकती है और कहां बातचीत की जा सकती है, यह पता लगाना हमारे लिए मुश्किल है, लेकिन विदेशों में जो आनन्द मार्गी हमारे दूतावासों के सामने प्रदर्शन करने के लिए आते है , उन्हें हम समझाने का प्रयत्न करते हैं कि श्री सरकार का मामला अदालत में पड़ा हुआ है और इसलिए भारत सरकार उसमें दखल नहीं दे सकती। हम उन से यह भी कहते हैं कि भारत सरकार इस तरह की धमकियों या हिंसात्मक कार्यवाहियों के सामने झुकेगी नहीं।

DR. V. A. SEYID MUHAMMAD: From the reports so far available, it appears that these incidents are happening exclusively and solely in the Commonwealth countries. Is it a mere accident or coincidence or is there any deeper reason for that? When I said solely and exclusively, there may be one or two exceptions, but, by and large, the vast majority of these incidents are happening in the Commonwelath countries. Is it a mere accident or coincidence or is there any deeper meaning in it and if so, will the hon. Minister make a thorough inquiry into it?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: I promise to make a thorough inquiry into the matter suggested by the hon Member.

SHRI RAM JETHAMALANI: Can I ask the hon. Minister whether he will be prepared to give an assurance to the House that he will not follow in the footsteps of Mrs. Gandhi and ban any organization until he gets..

Interruptions.

Try to learn the rule of law. It is never too late to learn. Try to understand what democracy and rule of law are ..... (*Interruptions*). I have no. completed my question.

Will the hon. Minister be prepared to assure this House....

MR. SPEAKER: Mr. Ravi, please keep quiet. Otherwise they will also shout.

SHRI VAYALAR RAVI: What is he talking? Our people are dying abroad..... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: In this House everybody has a right to express his opinion and nobody can object to that. you cannot expect him to speak to your liking.

SHRI RAM JETHMALANI: I want an assurance if he is prepared to extend it, that he will not ban any organization whether it be Ananda Marg or any other organization and no decision will be taken against any organization whether it be Ananda Marg or any other organization unless there is clear evidence of their involvement in criminal activities.

श्री उग्रसेन : ये शोर मचा रहे हैं, इसको तो आप रोकिये ।

SHRI RAM JETHAMALANI: They are not prepared to learn democracy even now.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Normally, the government is averse to

ban any organization because government believe that organizations should be fought politically and with the support of the people.

So far as the question of Ananda Marg is concerned, the question should be directed to my colleague, the Home Minister. As for Foreign Minister, I am not in a position to reply to that question.

MR. SPEAKER: Next question, Shri Bhagat Ram. He is absent.

SHRI SAMAR GUHA: rose

MR. SPEAKER: No, please. I have gone to the next question.

SHRI SAMAR GUHA: This is not really fair.

बिहार में डाकघरों का दर्जा बढ़ाया जाना

*64. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ऐसे डाकघरो का दर्जा बढ़ाकर सब-पोस्ट आफिस कर देने की योजना सरकार के विचाराधीन है जो वर्षों से नियमानुसार कार्य कर रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या बिहार के सहरसा जिले में गांव चौसा, पुरैनी और ग्वालपुर के डाकघर का दर्जा बढ़ाकर सब-पोस्ट आफिस बना दिया जाएगा और उनमें तार और टेलीफोन की सुविधा प्रदान की जाएगी ?

संचार मंत्री (श्री ब्रजलाल वर्मा) : (क) शाखा डाकघरों का दर्जा बढ़ा कर उन्हें विभागीय मानदंडों और निधियों के निर्धारण के अनुसार उप-डाकघर बनाया जाता है। वर्ष 1977–78 के दौरान देश भर में 200 शाखा डाकघरों का दर्जा बढ़ा कर उन्हें उप-डाकघर बनाने की योजना है।

(ख) चौसा का डाकघर पहले से ही एक उप-डाकघर है और वहां तार सुविधा उपलब्ध है। उस डाकघर में टेलीफोन की सुविधा देने का प्रताव मंजूर कर लिया गया है। सहरसा जिले के चौसा उप-डाकघर के साथ पुरैनी शाखा डाकघर का लेखा-संबंध है। पुरैनी डाकघर का दर्जा बढ़ाने के मामले की जांच की जाएगी। पुरैनी में तार सेवा पहले से ही उपलब्ध है और वहां टेलीफोन सुविधा देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई है।

ग्वालपुर शाखा डाकघर का दर्जा बढ़ाने के प्रस्ताव की भी पहले जांच कराई गई थी किन्तु उसका औचित्य सिद्ध नहीं हुआ था। इस मामले की फिर से जांच कराई जाएगी। ग्वालपुर में तार और टेलीफोन की सुविधाएं देने के प्रस्ताव की भी जांच की जा रही है।

श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव : इन्होंने अभी बताया है कि लगभग दो सौ डाकघरों में टेलीफोन और तार की सुविधा प्रदान की जाएगी और उनको सब पोस्ट आफिसिस में कवर्ट करने की योजना है। सुदूर देहातों में इ को खोलने या कनवर्ट करने के बारे में क्या कुछ जन संख्या निर्धारित की है और कहा है कि इतनी जनसंख्या के ऊपर जहां पो ट आफिस पहले से ही कार्यरत है उनको सब-पो ट आफिसि में कनवर्ट कर दिया जाएगा या वहां फोन और तार की सुविधा दे दी जाएगी।

श्री बृजलाल वर्मा : जी हां । डाकखाने खोलने की जो योजना है उस में आठ बातों का ख्याल रखा जाता है जिस में से जनसंख्या भी एक है । वहां खर्च और आमदनी का भी ख्याल किया जाता है । पास में डाकखाना है या नहीं और कितनी दूरी पर है इसका भी ध्यान रखा जाता हैं । कोशिश यह की जाती है कि दो हजार की पापुलेशन में डाकखाना खुल जाए । ऐसे गांव जहां पर दो हजार की पापुलेशन नजदीक-नजदीक है उनका भी ख्याल किया जाता हैं और वहां भी डाकखाना खोलने की कोशिश की जाती है । इसके साथ साथ यह भी देखा जाता है कि डाकखाना ऐसी जगह होना जरुरी है जहां पर स्कूल हो, ब्लाक हो लोकल बोर्ड द्वारा और कोई वहां पर संस्थाऐं हों और ऐसी जगह भी डाकखाना खोलने की हम सुविधा देते हैं । इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए डाकखाने खोले जाते हैं ।

श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव : पुरैनी, चौसा और ग्वालपार जिनकी चर्चा की गई है मंत्री महोदय ने कहा है कि वहां पर तार की सुविधा पहले से उपलब्ध थी । लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि जो ब्यान दिया गया है वह सही नहीं है, जो जानकारी इन्होंने मंगाई है मालूम पड़ता है कि उसमें दोष है, वहां पर तार की व्यवस्था नहीं थी । पुरैनी, चौसा और ग्वालपार सहरसा जिले के अन्तर्गत हैं । वहां सड़कों की सुविधा उपलब्ध है, बसें आती जाती हैं । डाक की व्यवस्था नौगछिया से चौसा को है जो कोसी नदी के उस पार है तो क्यों नहीं इसको सहरसा से सम्बद्ध कर दिया जाता है ? चूंकि ऐसा नहीं किया गया है इसीलिए इनफॅर्मेशन में गड़बड़ी हुई है । मैं चाहता हूं कि पुरैनी , चौसा और ग्वालपार के बारे में जो वस्तुस्थिति है उसको देख करके सहरसा से डायरेक्टली सम्बद्ध करके वहां पर सब पोस्ट आफिस की सुविधा दी जाए । आज लोगों को दस दस मील तार देने के लिए जाना पड़ता है, बिहारी-गंज जाना पड़ता है । इसलिए इन तीनो का सम्बन्ध सहरसा से करके तीनों को सब पोस्ट आफिसिस में कनवर्ट करके वहां पर तार और टेलीफोन की क्या सुविधा प्रदान की जाएगी ?

श्री बृजलाल वर्मा : अध्यक्ष महोदय, चौसा में सब-पोस्ट आफ़िस आलरेडी है, और पुरैनी नाम के दो स्थान हैं, एक पुरैनी है और दूसरा पुरैनी बाजार है । दोनों स्थानों में से पुरैनी में ब्रांच पोस्ट आफ़िसेज़ हैं । बाजार गणेशपुर में से आधा किली मीटर की दूरी पर है और गणेशपुर पर ब्रांच पोस्ट आफिस है । डाकखाना खोलने के प्रस्ताव की भी जांच की गई है कि हमें वहां पर बहुत ज्यादा नुकसान होगा । पहली जांच 1971 और दुबारा 1973 में की गई उस से पता चला है

MR. SPEAKER: You cannot read out the whole thing. You must give the substance.

SHRI BRIJ LAL VERMA: I am just informing him of that.

MR. SPEAKER: You must read that at home and give the substance.

श्री बृजलाल वर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि इन दोनों गांवों के बारे में फिर से जांच करा रहे हैं और हम कोशिश कर रहे हैं कि जो वह चाहते है वह कैसे हम उन को दें ।

श्री छविराम अर्गल : दो हजार की आबादी वाले ऐसे कितने गांव हैं जहां पर पंचायत कार्यालय हैं, थाना है, लेकिन टेलिफोन और पोस्ट आफिस की सुविधा नहीं है क्या इस को वहां पर उपलब्ध करा दिया जायगा ?

श्री बृज लाल वर्मा: मैं जानना चाहता हूं कि हमारी योजना है कि सारी ग्राम पंचायतों में हम 10 वर्षों में पोस्ट आफिस खोल दें । अभी तक बहुत सी ग्राम पंचायतों में, और बहुत सी बड़ी बड़ी जगहों में पोस्ट आफिसेज नहीं हैं ।

श्री रामधारी शास्त्री : क्या मंत्री जी सदन को आश्वासन देंगे कि जितने भी डाकखाने खुले हुए हैं उन में अगले दो सालों में तार सम्बन्ध स्थापित हो जायगा ?

श्री बृज लाल वर्मा : तार का सम्बन्ध स्थापित करने के लिए हम ने एक अलग योजना बनायी है और उस के अन्तर्गत जितने भी ढाई हजार और पांच हजार आबादी के गांव हैं उन सब में हम तार की योजना दो साल के अन्दर पूरी कर देंगे ।

SHRI VIJAYKUMAR N. PATIL: May I konw from the hon. Minister whether he is thinking of reducing the rates of telephone connections in the rural areas, which are from urban exchanges? Secondly, may I know the number of the PBX Centres which are proposed to be opened next year?

श्री बृज लाल वर्मा : अध्यक्ष महोदय , हम दो साल के अन्दर गांवों के अन्तर्गत 4,000 पी० सी० ओज खोल रहे हैं ।

Opening of New Post Offices in Maharashtra

*65. SHRI R. K. MHALGI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that there is a shortage of Post Offices especially in rural areas and in backward localities of the urban areas in several districts of Maharashtra;

(b) if so, whether Government propose to open new Post Offices in the State in the near future i.e. within a year; and

(c) if so, the details thereof?

संचार मंत्री (श्री बृजलाल वर्मा) : (क) सरकार डाक सुविधाओं के अभाव से पूरी तरह परिचित है । अब ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सुविधाओं के विकास पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है । इस से डाक सुविधाओं का अभाव भी सुनियोजित ढंग से दूर हो रहा है ।

(ख) और (ग) नए डाकघर खोलने के लिए कुछ मानदंड निर्धारित किए गए हैं । ये मानदंड पूरे होने और निधियां उपलब्ध होने पर नए डाकघर निरन्तर खोले जा रहे हैं। ऐसा प्रस्ताव है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 236 डाकघर और शहरी क्षेत्रों में 20 डाकघर खोल दिये जाएं । इन के अलावा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान महाराष्ट्र राज्य में चलते फिरते डाकघरों के जरिए 3000 अतिरिक्त गांवों में डाक सुविधाएं दी जाएंगी तथा गांवों में 5000 लेटर बक्स लगाए जाएंगे ।

SHRI R. K. MHALGI: May I know from the hon. Minister in how many villages in Maharashtra State such post offices had been opened since the last thirty years?

SHRI BRIJ LAL VERMA: I have not got the figures with me at present. But, I can say that in all Gram Panchayats of your State, within ten years. there will be post offices.

SHRI R. K. MHALGI: My second supplementary is this. I want to know whether the mobile post offices

in bicycles will be in addition to tempo and taxi post offices.

SHRI BRIJ LAL VERMA: We are giving postal facilities in 3,000 villages this year only in Maharashtra.

SHRI R. K. MHALGI: My question is: whether the mobile post offices include Tempo and Taxi Post offices also apart from the bicycles post offices.

श्री मनी राम बागड़ी : अध्यक्ष महोदय, डाक की सुविधाएं सिर्फ शहरों और बड़े लोगों के लिये शुरु से हैं, वह चाहे शहनशाही जमाना हो या कोई दौर हो और चाहे आज, मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि वह जो लम्बे प्रदर्शनी के पुराने तरीके थे, उन से बदलकर, बड़ पैमाने के नहीं, गांधी जी के विचार से छोटे पैमाने पर, ऊपर से नहीं, नीचे से, चाहे एक गांव में एक घर भी हो, वहां लैटर बाक्स लगें और वहां डाकिया, साइकिल पर या पैदल, रोज लोगों को तार और चिट्ठी पहुंचाये, क्या ऐसा प्रोग्राम सरकार बनाने वाली है या नहीं ?

मंत्री जी ने जो 5 हजार लैटर बाक्स लगाने की बात कही, क्या वह इस सदन को और इस सदन के द्वारा देश को यह विश्वास देंगे कि हर जगह लैटर बाक्स लगेगा और रोज डाकिया उस में से चिट्ठियां ले जायेगा ? कम-से-कम यह सुविधा होगी या नहीं ?

श्री ब्रज लाल वर्मा : मैं माननीय सदस्य को यह बता देना चाहता हूं कि इस साल इसी फाइनेन्शियल ईयर में हो हम एक लाख गांवों में लैटर बाक्स दे रहे हैं और इस वर्ष हम 50 हजार गांवों में आल पोस्टल फैसिलिटीज दे रहे हैं, जो कि गत 10 वर्षों में भी नहीं हुआ था । उस के बाद जैसी की सदस्य की मान्यता है कि हम गांव की ओर ध्यान अवश्य दें, उसी ख्याल से सारी चीजें कर रहे हैं और कोशिश कर रहे है कि ज्यादा से ज्यादा गांव के लोगों को फैसिलिटीज मिलें ।

श्री फिरंगी प्रसाद : मैं यह जानना चाहता हूं कि सरकार ने नये डाकखाने खोलने के लिए जो नियम या मापदंड बनाये हैं, वे क्या हैं । क्या जनप्रिय सरकार उन्हें और सरल बनाने की व्यवस्था करेगी, ताकि आम जनता को पत्र आदि नियमित रूप से मिलते रहें ?

श्री ब्रजलाल वर्मा : अभी तक जो व्यवस्था है, उस के अनुसार हम कोशिश कर रहे हैं कि इस साल 96 परसेंट गांवों में रोज डाक आदि मिल सके । इसके अलावा हम यह भी कोशिश कर रहे हैं कि हम ज्यादा से ज्यादा गांवों में अपनी सुविधायें दे सकें । माननीय सदस्य चाहते हैं कि हम ज्यादा से ज्यादा पोस्ट आफ़िसिज खोलें । इस ओर भी हम ध्यान दे रहे हैं ।

श्री फिरंगी प्रसाद : नये डाकखाने खोलने के बारे में जो मापदंड रखा गया है, मैंने उस के विषय में पूछा हैं ।

Reorganization of G.S.I.

*66. SHRI R. L. P. VERMA: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether a high-power Committee has been constituted for the reorganisation of the Geological Survey of India; and

(b) if so, what is its composition?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI BIJU PATNAIK): (a) Yes, Sir.

(b) A statement indicating the information is laid on the table of the House.

Statement

The composition of the Committee is as follows:

1.	Dr. A. K. Ghosh, Additional Secretary, Department of Mines, Ministry of Steel & Mines	Chairman
2.	Dr. A. B. Das Gupta, Retd. Managing Director Oil India Ltd.	Vice Chairman
3.	Dr. G. R. Udas, Director, Atomic Minerals Division, Atomic Energy Commission	Member
4.	Shri K. R. Parameshvar, Chief Planning and Development, Bharat Heavy Electricals Ltd.	Member
5.	Shri N. T. Srinivasan, Chief, Management Services, Bharat Heavy Electricals Ltd.	Member
6.	Dr. M. V. N. Murthy, Deputy Director General. Geological Survey of India.	Member
7.	Dr. Hari Narain, Director, National Geophysical Research Institute	Member
8.	Shri G. Ghosh, Deputy Secretary, Department of Mines, Ministry of Steel & Mines	Member Secretary

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा : मंत्री महोदय ने अपने उत्तर के साथ जो सूची रखी है, उस से पता चलता है कि इस कमेटी में बिहार का कोई प्रतिनिधि नहीं है । मैंने उन्हें इस सम्बन्ध में पहले ही लिखा था कि पटना यूनिवर्सिटी के श्री आर० सी० सिंहा को, जो अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति के जियोलिजिस्ट हैं, इस समिति में सम्मिलित करना चाहिए । बिहार में अभी तक 56 परसेंट मिनरल्ज का सर्वेक्षण नहीं हो पाया है, क्योंकि पिछले 125 वर्षों से यह आफ़िस कलकत्ता में पड़ा हुआ है और उस में बिहार का कोई प्रतिनिधि नहीं है । 1968 में बिहार में एक रिजनल आफ़िस के खोलने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं किया गया है । यद्यपि खनिज सम्पदा के मामले में बिहार सारे भारत में सब से आगे है, लेकिन इसी कारण आज तक उस की खोज नहीं हो सकी है । क्या मंत्री महोदय रांची में रिजनल आफ़िस खोलने के लिए तैयार हैं ?

SHRI BIJU PATNAIK: I would like to assure the hon'ble Member that the issue is much larger than opening a regional office at Ranchi or Patna. The entire matter of Geological Survey of India—which is a 125 years old organisation—is being critically reviewed and Government will take decision in various sectors of the Geological Survey of India after the report of the High-Powered Committee is received.

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा : यह डिसिज़न कब तक लिया जायेगा?

SHRI BIJU PATNAIK: I expect the report to be available with the Government by the end of this year after which the Government will take the necessary decision.

SHRI SAMAR GUHA: I would like to know from the hon'ble Minister whether the union of the Geological Survey of India have placed a memorandum before the hon'ble Minister giving their viewpoints in regard to the enquiry? There are so many other institutions—Central Government institutions—concentrated in different parts of India like all the financial institutions which are concentrated in Bombay. Whether it is a fact that some lobby is working that because the Geological Survey of India is having its headquarter in Calcutta for the last 120 years, it should be shifted from that city? Whether the hon. Minister will take a view that because certain institutions are there in certain regions other aspects will be taken into consideration before applying this principle? Whether in the case of financial institutions which are located in other parts of India, the same attitude will be shown?

SHRI BIJU PATNAIK: I will certainly keep the hon. Member's view point in my view.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Economic and Political Relations with West Asian and North African Countries

*63. SHRI BHAGAT RAM: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether any efforts to expand economic and political relations with West Asian and North African countries were made recently; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE): (a) Yes, Sir.

(b) Government attaches the highest importance to consolidating, expanding and diversifying India's political and economic relations with the West Asian and North African countries. The Minister for Works & Housing and Minister of Industry, have, over the past two months, visited various countries in this region as the Prime Minister's special emissaries. These visits have given a new impetus to our political and economic relations with these countries.

I may add that the Indo-Iranian Joint Commission met in New Delhi in September 1977, and in June and November 1977 the third and fourth sessions of the Indo-Iraqi Joint Commission have taken place. These meetings have been highly fruitful. Finally, I may mention that this month the annual Haj delegation has left for Saudi Arabia led by Shri Arif Baig, Minister of State for Commerce, Civil Supplies and Cooperation.

Bangladesh Propaganda against India

*67. SHRI S. R. DAMANI:
SHRI SAMAR GUHA:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the Government of Bangladesh have accused India of complicity in the recent upsurge in that country;

(b) if so, the reaction of Government; and

(c) the action taken to clarify the actual position as far as India is concerned?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE): (a) The official version of a statement made by the President of Bangladesh in Dacca on 11 October,

1977 contained references implying involvement of India in the incidents that took place in Bogra and Dacca in Bangladesh on 30th September and 2nd October, 1977.

(b) and (c). The matter was taken up immediately with Government of Bangladesh which has assured the Government of India that there has been no intention on the part of Bangladesh Government to imply India's involvement in these inncidents.

संयुक्त राष्ट्र संघ में विदेश मंत्री द्वारा हिन्दी में भाषण दिया जाना

*68. **श्री एस० एस० सोमानी :** क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में अपना भाषण हिन्दी में दिया था ;

(ख) यदि हां, तो अन्य राष्ट्रों की क्या प्रतिक्रिया थी; और

(ग) क्या सरकार अपने उन अधिकारियों को, जो इस समय संयुक्त राष्ट्र संघ से संम्बद्ध हैं, इस आशय का निदेश देने की स्थिति में है, कि वे सदैव हिन्दी का उपयोग करें ।?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी): (क) जी. हां ।

(ख) इस तथ्य पर व्यापक रूप से ध्यान दिया गया कि महासभा के अधिवेशन में पहली बार हिन्दी में भाषण दिया गया ।

(ग) सभी सरकारी अधिकारियों से यह प्रत्याशा की जाती है कि उन्हें अंग्रेज़ी और हिन्दी दोनों ही भाषाओं का कार्यसाधक ज्ञान हो और जो भी भाषा वे सुविधाजनक पायें उसका प्रयोग कर सकें ।

Integrated Leprosy Control Programme

*69. SHRI R. D. GATTANI:
SHRI UGRASEN:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether the integration of leprosy, control programme with general health services relating to multipurpose workers scheme has aroused opposition from the National Leprosy Organisation, Wardha;

(b) whether the National Leprosy Advisory Committee was consulted before this policy decision was taken; and

(c) whether leprosy programme is not like malaria, family welfare or small pox programmes which can be integrated and that the country still needs a vertical leprosy control programme?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI RAJ NARAIN): (a) Yes, Sir.

(b) Since integration of all health programmes including Leprosy, Cholera, T.B., Malaria etc. were concerned it was not considered necessary to consult only the National Leprosy Advisory Committee before taking the policy decision.

(c) Leprosy control work will not be integrated with the general health services in the entire country for the present. The intention is that all health programmes will be integrated with the Multi-purpose Workers Schemes in the districts taken up for the implementation of that scheme but the scheme itself will be introduced progressively only in the districts where Leprosy and other public health problems are not in hyper-endemic stage. In other dis-

tricts, Leprosy will continue as a vertical programme.

Legislation to repeal the provision of Pension to Former M.Ps.

*70. PROF. P. G. MAVALANKAR: Will the Minister of PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR be pleased to state:

(a) whether Government have now considered the question of pensions to former Members of Parliament being eliminated or increased;

(b) if so, the facts thereof, including the manner in which Government propose to implement their decision and when;

(c) if not, reasons therefor; and

(d) whether Government propose to bring forward during the Winter Session, 1977 the legislation for repeal of the provision of pensions to former M.Ps. and if so, broad indications thereof?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): (a) to (d). Representations have been received both for repealing the provisions regarding the granting of pension to ex-Members of Parliament and also for liberalising them. The whole matter is still under consideration of the Government. A decision will be taken after Government has had discussion with the Leaders of opposition parties/groups in the two Houses.

Kala Azar in States

*71. SHRI RAJ KESHAR SINGH:
SHRI AHMED HUSSAIN:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) the incidences of Kala-azar in Bihar, U.P., Gujarat, West Bengal, Tamil Nadu, Maharashtra and Assam;

(b) the number of casualties reported from each of the above States; and

(c) the steps taken by Government to resolve the problem on a national level?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI RAJ NARAIN): (a) and (b). A statement containing the required information is laid on the table of the Sabha.

(c) Another statement indicating the steps taken to resolve the problem is laid on the table of the Sabha.

Statement

No. of States	Incidence of Kala-Azar and number of casualties reported				Deaths
	No. of cases				
	1974	1975	1976	1977	
Assam	..	4	4		
Tamil Nadu	14	11	14		..
Gujarat	1	1	3	..	2 cases reported during 1976.
West Bengal		75	53	62	..
Bihar	40	822	1587	12667	153

No cases of Kala-Azar have been reported from Maharashtra.

Statement

Steps taken by Govt. to resolve the problems of Kala-Azar on national level

(1) Under the Modified Plan of Operation of the National Malaria Eradication Programme, appropriate type of insecticide is supplied to areas which have two or more cases per thousand population for under taking spray. This automatically comes as a preventive measure for Kala-azar also.

(2) A central Kala-Azar Survey Team has been approved to assess the siuation of Kala-azar in the country.

(3) Production of Antimony Compound, the drug normally required for Kala-azar has been stopped up.

(4) For a few cases which do not respond to treatment by Antimony Compounds Pentamindine vials have been procured as assistance from W.H.O. They are being sent to the affected areas of West Bengal and Bihar.

Participation of Labourers in Management

72. SHRI GANANATH PRADHAN: Will the Minister of PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR be pleased to state:

(a) whether Government have adopted any policy for the participation of labourers in the management on different Public Sector Undertakings;

(b) if so, the number of such public undertakings where the labourers have taken such part ; and

(c) the number of such undertakings where the labourers have not taken part and the reasons therefor?

THE MINISTER OF PRALIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): (a). Government introduced in October 1975 a Scheme for Workers' Participation in Industry in manufacturing and mining units and another in January 1977 in commercial and service organisations in the public sector. The whole policy on workers' participation is now under review by a Committee.

(b) and (c). According to available information almost all eligible Central public sector units numbering 545 have either implemented the Scheme of October 1975 or initiated steps to do so or have made alternative arrangements.

बिहार में अभ्रक की खानें

*73. **श्री राम नरेश कुशवाहा** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में अभ्रक की ऐसी कुल कितनी खानें हैं जिनमें 1961 में कार्य चल रहा था तथा अब कितनी खानों में कार्य चल रहा है ;

(ख) यदि उनमें कोई कमी हुई है तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) इस उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं; और

(घ) सरकार का अभ्रक उद्योग में काम कम होने के परिणामस्वरूप बेरोजगार हुए पच्चीस लाख श्रमिकों के बारे में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री बीजू पटनायक): (क) बिहार में 1961 में चालू अभ्रक खानों की संख्या 432 थी। इस समय बिहार में चालू अभ्रक खानों की संख्या 163 है।

(ख) चालू खानों की संख्या में कमी होने का कारण यह है कि अभ्रक का मुख्यत:

निर्यात होता है और उसकी मांग निम्नलिखित कारणों से कम होती रही है :—

(1) अभ्रक खण्डों के स्थान पर अभ्रक और कृत्रिम पदार्थों से बनी वस्तुओं जैसे प्लास्टिक और पालिस्टरीन का प्रयोग ।

(2) ट्रांजिस्टर वाले उपकरणों का उपयोग जिसमें अभ्रक की जरूरत नहीं होती ।

(3) अमेरिका द्वारा अपने पास जमा भंडार से अभ्रक की बिक्री ।

(4) विश्व बाजारों में आमतौर पर मन्दी का दौर । बिहार की अनेक खानें उस राज्य में अभ्रक खानों की देख भाल करने वाले व्यापारिक केन्द्रों की आन्तरिक समस्याओं के कारण भी बंद हो गइं ।

(ग) अभ्रक व्यापार निगम द्वारा शुद्ध अभ्रक और अभ्रक से बने माल के निर्यात को बढाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं । ये निगम विदेशी सहयोग से कारखोनें लगाने की सोच रहा है जिसमें निम्न लिखित माल तैयार होगा :—

(1) गारा और बारीक अभ्रक पाउड

(2) अभ्रक पत्र और माइकानाइट ;

(3) अभ्रक संधारित्र आदि :

अभ्रक के नए उपयोगों का पता लगाने के लिए अनुसंधान और विकास सुविधाओं को बढ़ाने का भी प्रस्ताव है ।

ये सब उपाय छोटे अभ्रक खण्डों और अभ्रक कतरणों की विपणन क्षमता बढ़ाने के लिए किए जा रहे हैं क्योंकि अभ्रक की मांग में कमी का सामान्यत इन किस्मों पर हीं सबसे बुरा असर पड़ा है ।

वाणिज्य मंत्रालय के अधीन 1976 में एक अभ्रक सलाहकार समिति का गठन किया गया है जो निम्न लिखित बातों पर सलाह देगी :—

(1) अभ्रक के उत्पादन और निर्यात में सुधार ;

(2) शुद्ध अभ्रक और अभ्रक उत्पादों का विकास; अभ्रक आधारित उद्योगों का विकास और अभ्रक उत्पादों का निर्यात ।

(घ) देश में जिन वर्षों में अभ्रक खानों में सर्वाधिक उत्पादन होता था उन दिनों लगभग 16,000 मजदूर रोजना काम करते थे लेकिन अब यह संख्या घट कर 10,000 से भी कम रह गई है। उपर्युक्त उपायों से अभ्रक के निर्यात में सुधार होने की आशा है और फलस्वरूप स्थिति में भी सुधार होगा ।

Ad-hoc C.G.H.S. Doctors

*74. SHRI VASANT SATHE:
SHRI K. A. RAJAN:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that more than 650 *'adhoc'* medical doctors belonging to Central Health Service Scheme are threatened with dismissal from service after having put in more than 10 years of service;

(b) if so, the facts thereof; and

(c) the steps taken or proposed to take to absorb these qualified doctors under the Scheme on regular basis?

THE MINISTER FOR HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI RAJ NARAIN): (a) to (c). On replacement by the U.P.S.C. selected candidates (335) of the 1977 Examination, the

services of *ad hoc* Medical Officers are expected to be terminated on the basis of "last come first go", if there are no clear vacancies in the Organisations concerned to retain the *ad hoc* Medical Officers. *Ad hoc* appointments are made on the stipulation that the services of *ad hoc* doctors may be terminated when regular doctors become available.

समान अवसर मिलेंगे और समानता के आधार पर समारी समाज की रचना होगी। लेकिन इस बात को पिछली सरकार ने मानने से इंकार किया है कि भारत में भारतीय समाज के कई ऐसे अंग है जो अब भी परतन्त्र हैं या गुलाम हैं। विदेशी लोगों ने बार बार इस चीज को कहा है कि आप के यहां अभी भी गुलामी की प्रथा चल रही है लेकिन सरकार ने बार बार इस से इन्कार किया है। भारत सरकार द्वारा नियुक्त शेडयूल्ड कास्ट और शेडयूल्ड ट्राइब्स कमीशन की रिपोर्ट में जब यह बात आई कि भारत में एक दो नहीं लाखों लोग बंधुआ मजदूरों के नाम से गुलाम हैं तब जा कर भारत सरकार ने इस को स्वीकार किया। कितनी लज्जा की बात है। तीस बरस हो गये हैं, एक पूरी पीढ़ी ने अपनी जिन्दगी गुलामी में व्यतीत कर दी है, वह पीढ़ी समाप्त हो गई है लेकिन वे गुलाम आजाद मुल्क में भी गुलाम रह कर ही मरे। इमरजेंसी के दौरान में इसी सदन में बंधुआ मजदूरी की प्रथा को समाप्त करने के लिए कानून बनाया गया था जिस में उन को मुक्त कराने की व्यवस्था की गई। जो वस्तुस्थिति है उस की तरफ हम को ध्यान देना पड़ेगा। जो हालत आज भी विद्यमान है उस के कारण हमारे देश में शान्ति और व्यवस्था खतरे में पड़ सकती है और केवल शान्ति व्यवस्था ही नहीं बल्कि जिस लोकतन्त्र के लिए हमने अपनी जद्दोजहद की है, लोगों ने फांसी के तख्तों को चूमा है, जेल की चार दीवारी में अपनी जवानियों को जलाया है, हजारों लोगों ने कुर्बानियां दी हैं वह लोकतन्त्र भी आज खतरे में है। कब तक यह स्थिति चलती रहने दी जा सकती है ?

आज देखें कि शोषित, पीड़ित और दलितों अर्थात् हरिजन आदिवासी की संख्या 25 प्रतिशत है। एक चौथाई ही नहीं बल्कि काका कालेलकर साहब ने अपनी रिपोर्ट में चार हजार जातियों का वर्णन किया है, उनके जीवन का वर्णन किया है और बताया है कि उनका आर्थिक और सामाजिक जीवन स्तर हरिजनों और आदिवासियों से भी बदतर है। 1953 और 1955 में बैकवर्ड क्लास कमिशन रिपोर्ट में जो रिपोर्ट उन्होंने दी और जो सदन में भी पेश हुई, उसकी सिफारिशों पर आज तक अमल नहीं किया गया, एक भी मुद्दे पर अमल नहीं हुआ। मैं समझता हू कि भारत में नब्बे प्रतिशत लोग आज भी गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे है और जानवरों की तरह रह रहे हैं। मुट्ठी भर लोग जो सुविधा प्राप्त लोग हैं उनके चरणों के नीचे वे दबे हुए हैं, उनका आर्थिक और सामाजिक शोषण हो रहा है, और मैं समझता हूं कि एक भंयकर बगावत की चिंगारी पैदा हो रही है, उनकी आत्मा आज चीख रही है, पुकार रही है।

महात्मा गांधी ने कहा था कि अस्पृश्यता गरीबी तथा अज्ञानता जैसी कुरीतियों के प्रति, जिस जनता का एक—बहुत बड़ा भाग—प्रभावित है, सामाजिक चेतना तभी उत्पन्न की जा सकती है जबकि बड़े पैमाने पर लोग स्वेच्छा से इस दिशा में प्रयत्न करेंगे। जब तक हमारे समाज में गरीब और पददलित लोगों के प्रति अमानवीय भेदभाव मौजूद है तब तक भावात्मक एकता, शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व के लिये किये जा रहे हमारे सभी प्रयत्न बेकार साबित होंगे।"

मैं पूछना चाहता हूं कि इस दिशा में हमने क्या किया ? जिस अवस्था को देख कर महात्मा गांधी ने कहा था आज 30 वर्ष बाद भी वही अवस्था मौजूद है। क्या यह हमारे लिये लज्जा की बात नहीं है ? आज उससे बदतर हालत हमारे यहां है। आये दिन लोगों को जिन्दा जलाया जा रहा है घर में घुसकर समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को, हरिजनों को, पिछड़ी जाति के लोगों को गोलियां मारी जा रही हैं। और उस के ऊपर एक छोटा कमीशन बहाल हो जाता है

[श्री लखन लाल कपूर]

जिसकी रिपोर्ट आ जाती है जो दफ्तरों की अलमारियों में बन्द कर दी जाती है ।

आज मैं सदन के माध्यम से सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं और देश की जनता को आह्वान करना चाहता हूं कि आज जो भयंकर स्थिति है, जो अन्याय, अत्याचार, शोषण हो रहा है इसके खिलाफ़ बगावत की तैयारी करें । वह चाहे शांतपूर्ण ढंग से हो या अहिंसात्मक ढंग से हो । हम चाहेंगे शांतमय हो । लेकिन अगर इसी तरह रोके जाने का अधिकार छिन जाता रहा तो पता नहीं क्या रूप लेगा । इसलिये बाबा साहब अम्बेदकार ने कहा था :

"हम 26 जनवरी, 1950 को एक ऐसे जीवन में पदार्पण करने जा रहे हैं जो अन्तर्विरोधों से भरा हुआ है । राजनीति की बुद्धि से हम में समानता होगी, किन्तु सामाजिक और आर्थिक जीवन में हम असमानता के शिकार होंगे ।" और शिकार हैं । "राजनीति में हम एक आदमी के लिये एक वोट और एक वोट के मूल्य का सिद्धान्त अपनायेंगे, किन्तु हमारे सामाजिक और आर्थिक जीवन की, हम अपने सामाजिक और आर्थिक ठांचे की वजह से हर आदमी एक ही मूल्य के सिद्धान्त से वंचित रहेंगे।" और हम वंचित हैं । "हम कब तक अन्तर्विरोधों का यह जीवन अपने सामाजिक और आर्थिक जीवन में समानता से वंचित रहेंगे ? यदि हम बहुत दिन तक इन से वंचित रहेंगे तो अपने राजनीतिक लोकतंत्र को खतरे में डाल कर ही ऐसा करेंगे । हमें इस अन्तर्विरोधों को यथाशीघ्र दूर करना चाहिये, अन्यथा असमानता के पंजे में जकड़े लोग इस राजनीतिक ठांचे को चकनाचूर कर देंगे जिसे इस विधान सभा ने बड़े प्रयत्न से खड़ा किया था ।"

सभापति महोदय, मैं आपसे कहना चाहता हूं बेलची कांड हो गया, और भी दूसरे कांड हुए हैं । लेकिन ज्यों ज्यों दवा की जा रही है मर्ज बढ़ता ही जा रहा है । इसके पीछे कारण क्या है ? जो आये दिन हत्यायें हो रही हैं, दंगे हो रहे है, इसके पीछे कारण क्या हैं ? आज ला ऐंड आर्डर कमजोर क्यों पड़ रहा हैं ? महसूस करना पड़ेगा कि उन में आज चेतना आ रही है । जो दबा हुआ तबका है उसमें चेतना आयी है अपने सामाजिक और राजनीतिक अधिकार को प्राप्त करने के लिये । और जो तत्व उसका शोषण कर रहा है, जिनकी कमाई पर वह गुलछर्रे उड़ा रहे हैं उनके सामने यह खतरा है । इसलिये वह चेतन्य हो कर और सामूहिक तौर से उन्हें दबाना चाहते हैं, और लाठियों और गोलियों के बल पर दबा देना चाहते हैं । नहीं तो यह घटनायें क्यों होतीं ? 10 अक्तूबर को भोजपुर जिले के धरमपुरा में एक घटना हुई । जब कोई बात होती है तो पुलिस की रिपोर्ट में, मैजिस्ट्रेट की रिपोर्ट में या कमीशन की रिपोर्ट में एक ही तरह की बात लिखी जाती है क्योंकि वह लोग जिनके हाथ में शासन की बागडोर रही है, बराबर राजनीतिक अधिकार रहा है वही लोग इन रिपोर्टों को लिखते हैं, और जो मेहनत करने वाले लोग हैं उनको कहते हैं कि यह गुंडे हैं, ये चोर, डकैत और क्रिमिनल हैं, और ऐसा कह कर सारी बातों को रफ़ा-दफ़ा कर दिया जाता है । वहां पर एक महंत की जमीन पर एक हरिजन पट्टादारी कर रहा था, जिस को वह बदखल करना चाहते थे । उस हरिजन ने सरकार को प्रार्थनापत्र दिया कि हम अपने बाप-दादा के समय से इस जमीन को जोत रहे हैं, इस लिए यह जमीन हमारे नाम पर लिख दी जाय । लेकिन ऐसा नहीं किया गया और यह झगड़ा बढ़ता रहा । एक दिन अधिकारियों और पुलिस की कनाइवेंस से समहंत महोदय गुस्से में उठे और अपनी जमीन को छुड़ाने के लिए रास्ते या मैदान में नहीं, बल्कि जिस झोंपड़ी में वह हरिजन रहता था, उस में घुस कर

गोलियों से पांच आदमियों को धराशायी कर दिया। जब इस के विरुद्ध आरा शहर में जलूस निकाला गया, तो पुलिस ने उस जलूस को भंग कर दिया, लाउडस्पीकर छीन लिया, लोगों को लाठियों से पीटा और गिरफ्तार किया।

धरमपुरा में दो तीन दिन बाद बेगूसराय जिले के मटिहानी गांव में एक हरिजन को मार कर जला दिया गया। यह समाचार अखबारों में छपा है और सरकार के पास इस की रिपोर्ट आई है।

इसी तरह भोजपुर जिले के सहारखंड में एक मजदूर को मार दिया गया। 6 नवम्बर, 1977 को भागलपुर जिले में पीरपैंती के निकट गौरीपुर गांव में एक संथाल को, जो बरसों से जमीन जोत रहा था, उस जमीन से बेदखल करने के लिए जमीन-मालिक ने गोली से मार दिया--उसी खेत में मार दिया, जिसे वह जोतता था, और उसकी लाश को खींच कर अपने खेत में ले आया। पुलिस खड़ी यह सब कुछ देखती रही, और अब भी वह उस का साथ दे रही है।

गृह राज्य मंत्री को इन घटनाओं के तथ्यों का पता लगाना चाहिए। बिहार के मुख्य मंत्री, श्री कर्पूरी ठाकुर, और संसद-सदस्य, श्री रामानन्द तिवारी, ने इस सम्बन्ध में बयान दिया है।

जनता पार्टी की सरकार को यह सोचना होगा कि यह सामाजिक तनाव और आर्थिक शोषण बुनियादी तौर से कैसे खत्म होगा। पिछले तीस वर्षों में यही होता रहा है कि संसद ने कमिश्नर की रिपोर्ट पर बहस कर के अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ ली। अब इस की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

17.05 hrs.

ये झगड़े क्यों होते है? इस के चार कारण है। जब तक इन चार कारणों को दूर नहीं किया जाता है, तब तक न तो शान्ति और व्यवस्था कायम होने वाली है और न ही ग़रीबों को निजात मिलने वाली है। ये सब झगड़े ज़मीन को ले कर होते है। यह एक आर्थिक संघर्ष है, जिसे क्लास स्ट्रगल या वर्ग संघर्ष कह सकते हैं। हमारे देश में वर्गों का अस्तित्व इस लिए है कि सम्पत्ति के बंटवारे में असमानता तथा विषमता हैं। यहां 90 फ़ीसदी लोग धनहीन है और 10 फ़ीसदी लोग धनपति है। जो आदमी कुंआं खोदता है, वह प्यासा क्यों है? जो आदमी जमीन जोतता है, अनाज उत्पन्न करता है वह भूखा क्यों है? जो आदमी जमीन जोतता है वह भूमिहीन और जो जमीन नहीं जोतता है वह भूमिपति। जो कपास उगाता है, कपड़े बनाता है वह तो नंगा रहता है और जो यह सब कुछ नहीं करता उस की अलमारियों में रेशम के कपड़े पड़े सड़ते रहते हैं। ये बड़ी बड़ी आलीशान इमारतें जो मजदूर बनाते हैं, जो सिर पर ईंट, चूना, गारा, पत्थर ढो ढो कर ले जाते है वे तो रहते हैं दरख्त के नीचे अपने बाल बच्चों के साथ और ये बड़े बड़े लोग इन एयर कंडीशंड मकानों में, शीश महलों में रहने है। यह जंगली व्यवस्था कब तक चलती रहेगी? इसलिए मेरा निवेदन है कि बटाई दारी का कानून आप को बनाना पड़ेगा। अगर वह कानून बना है तो उस को लागू करना पड़ेगा। बटायीदारी का कानून लागू किया जाय। मुश्तैदी के साथ लैंड टु दि टिलर, अर्थात जो जमीन को जोतने वाला है उस को उस जमीन का मालिक बनाया जाय। इस के लिए आप को कदम उठाना पड़ेगा।

दूसरी बात--मजदूरी के लिए झगड़े होते हैं। आप ने मिनिमम वेजेज ऐक्ट बनाया है। उस के हिसाब से मिनिमम वेजेज उन को नहीं मिलते है। इसलिए मजदूरी के लि

[श्री लखन लाल कपूर]

झगड़े होते हैं जिस से गोलियां चलती हैं और घरों को आग लगायी जाती है । तीसरा कारण है बास गीत भूमि की और एक यह बड़े अफसोस की बात है कि पौने छः लाख गांवों में पौने दो लाख गांव ऐसे है जहां पीने का पानी भी नहीं मिलता हैं । यह शर्म की बात है । पांच पंचवर्षीय योजनाएं हमारे यहां चलीं । 70 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए और ये बेचारे जो रात दिन मेहनत करते हैं, दुनिया को बनाते, सजाते और खिलाते है उन के लिए एक गिलास शुद्ध पीने के पानी का हम इंतजाम नहीं कर सके । यह लानत है भारत के समाज पर ।

चौथी बात मैं कहना चाहता हूं कि होम स्टेड लैंड के ऐक्ट को मुश्तैदी के साथ लागू करना पड़ेगा । इन को घर बना कर देना पड़ेगा । होम स्टेड लैंड देना पड़ेगा ।

पांचवीं बात टेनेंसी ऐक्ट की है । यह जीर्ण शीर्ण टेनेंसी ऐक्ट अंग्रेजों के वक्त का चला आ रहा है । उस टेनेंसी ऐक्ट के पन्नों को फाड़ कर फंकना पड़ेगा, नयी व्यवस्था करनी पड़ेगी । अगर नयी व्यवस्था कायम करनी है, सामाजिक तनाव दूर करना है, आर्थिक विषमता को मिटाना है, उन को राजनैतिक अधिकार देना है तो टेनेंसी ऐक्ट में आमूल परिवर्तन करना पड़ेगा ।

इसी तरह से पुलिस और मजिस्ट्रेसी में कौन है ? उसी शोषक वर्ग से लोग उस में आते हैं । प्रधान मंत्री से ले कर नीचे के वी डी ओ तक कौन है ? उन्हीं दस प्रतिशत लोगों में से है । आज तक इन लोगों को मौका नहीं मिला है पालिसी मेकिंग बाडी से आने का । पालिसी मेकिंग बाडी में कौन है ? वही है जो शोषण करते है, शोषक है । आप इन को जब तक पालिसी मेकिंग बाडी में शामिल नहीं करेंगे तब तक इन के जीवन में परीवर्तन नहीं होने वाला है ।

इसी तरह जो सी आर पी सी और आइपीसी के एविडेंस ऐक्ट है वे बहुत पुराने हैं । आज इन के मातहत उन बेचारों पर जो अपना हक मांगते है तरह तरह के मुकदमे कर दिए जाते हैं । दो चार मुकदमों में जाते जाते इन का दम टूट जाता है । इन को क्रिमिनल डकैत और पाकेटमार करार देते है । इसलिए आज एविडेंस ऐक्ट में, और सी आर पी सी तथा आई पी सी में परिवर्तन करना पड़ेगा । वर्तमान एविडेंस ऐक्ट में क्या हैं जिसके जिस आदमी की हत्या कर दी जाती है उसे ही सबूत पेश करना पड़ता है? वह अपने बचाव के लिए गवाही नहीं देगा बल्कि जिसकी हत्या की है उस को पेश करना पड़ता हो कि उस की हत्या हुई है । बेनीफिट आफ डाउट भी हत्यारे को ही दिया जाता है । यह कैसी बात हुई ? इसलिए इस में आमूल परिवर्तन करना पड़ेगा । सी आर पी सी और आइ पी सी में परिवर्तन करना पड़ेगा और लोगों को उन का सही सही जीने का अधिकार देना पड़ेगा ।

17.05 hrs.

[SHRI D:RINDRANATH BASU *in the Chair*]

श्री मही लाल (बिजनौर) : मैं आप के माध्यम से सब से पहले अपने गृह मंत्री को इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं कि वे अनुसूचित जाति और आदिम जातियों की दशा का अन्वेषण करने के लिए कोई आयोग बैठाने जा रहें है । उस के लिए वे बधाई के पात्र हैं । लेकिन इस सिलसिले में मैं एक बात आप से जरूर निवेदन करना चाहूंगा । मैं राज्य मंत्री जी के द्वारा अपनी भावनाएं गृह मंत्री तक पहुंचाना चाहूंगा कि यह आयोग इसी प्रकार का न हो जैसा कि पुलिस आयोग बैठाया गया ।

वे प्रशासक जो अंग्रेजी शासन के प्रशासक थें, जो गोलियां और डंडें चलाना जानते हैं, जिन्होंने गोलियां चलाकर जनता पर राज किया उनको यदि आप पुलिस कमीशन में बैठायेंगे तो क्या वे उन भावनाओं का प्रतिनिधित्व कर सकगे ? मुझे उसमें पूरा सन्देह है । जो हमारे न्यायाधीश हैं उनके प्रति पूरा

सम्मान प्रदर्शित करते हुए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जजेज के सामने जो फाइल आती है उसी के आधार पर वे अपना फैसला देते हैं । यदि हम यह उम्मीद करें कि जज साहब कमीशन में बैठ कर हमारी जन भावनाओं का प्रतिनिधित्व कर सकेंगे तो मुझे इसमें सन्देह है । जन भावनाओं का प्रतिनिधित्व जनसेवी ही करेंगे जिन जन-सेवियों को आयोग में मौका नहीं मिला है । इसलिए मैं समझता हूं जिस बात को दृष्टि में रखकर यह आयोग बिठाये जा रहे हैं उसकी पूर्ति संदेहास्पद रहेंगी । मैं गृह राज्य मंत्री के माध्यम से माननीय गृह मन्त्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि हरिजनों एवं जन जातियों के लिए जो कमीशन बिठाया जाये उसकी अध्यक्षता काका कालेलकर जैसे समाजसेवी, गांधियन थ्यूरी में विश्वास रखने वाले किसी नेता को सौंपी जाये । इसके अतिरिक्त इस सदन, उस सदन तथा सदन के बाहर के समाजसेवी जिनकी गांधियन विचारधारा रही है, जो वर्गविहीन समाज में विश्वास करते हैं, उनको आयोग का सदस्य बनाया जाये । यह सिश्वास करना कि रिटायर्ड जज साहब हरिजनों का बहुत बड़ा हित करेंग, मुझे इसमें सन्देह है । उन्होंने तो जीवन भर फाइलों के शब्द लेकर, गवाही देखकर फाइलों के आधार पर फैसले दिए हैं । उनकी अपनी कोई विचारधारा नहीं है । उनसे हम यह उम्मीद करें कि वे दुखी पीड़ित जनता जो तीस साल की स्वतंत्रता के बाद भी दासता का जीवन बिता रही है उसको दूर करने के लिए कोई ठोस सुझाव दे सकेंगे मुझे इसमें सन्देह हैं । मैं विनम्रतापूर्वक निवेदन करूंगा कि मेरी यह भावनायें गृह मन्त्री जी तक पहुंचा दी जायें ।

सभापति महोदय, अनुसूचित जाति और जनजाति के आयोग की जिस रिपोर्ट पर बहस हो रही है वह 1971 से लेकर आजतक सदन के सामने नहीं आई । मैं एक ही बात निवेदन करना चाहूंगा कि अगर वही रफ्तार बेढ़ंगी जो पहले से चली आ रही है उसी रास्ते पर हम भी चलते रहें तो वह समस्यायें जिनको हम जल्दी से जल्दी निपटाना चाहते हैं और जो हमारे समाज पर एक कलंक है उसको हम कभी भी धो नहीं पायेंगें । इसलिए आपको पुराना तरीका और पुरानी रफ्तार बदलनी होगी । जिस ढंग से अभी तक हरिजनों की सेवा हुई है उसको बदलने के लिए जरूरी है कि या तो आप आयोग को बिल्कुल समाप्त ही कर दें और यदि समाप्त नहीं करना चाहते तो फिर जैसी जन प्रतिनिधियों की मांग है, आयोग को कुछ अधिकार दिये जायें । उसकी सिफारिशों पर किसी को दण्डित किया जा सकेगा या किसी को इनाम दिया जा सकेगा—यह शक्ति उसमें आज तक नहीं आई हैं । यदि आगे भी आपने ऐसे ही रखा तो एक कहावत है—दिखाने का तीहल बनकर रह गया है । कमिश्नर की पोस्ट जिसपर इतना रुपया खर्च हो रहा हो वह अगर बिल्कुल यूजलेस रहे तो मैं समझता हूं यह कोई बुद्धिमानी का काम नहीं होगा ।

तीसरी बात यह है कि अब तक की रिपोर्टों में जो संस्तुतियां आई हैं, कृपा करके आप उनका संकलन करा लीजिए और उसके बाद विचार कीजिए कि उनमें से कितनी संस्तुतियां ऐसी है जिनको शासन ने कार्य रूप में परिणत किया है और कितनी संस्तुतियां अभी तक ऐसी शेष हैं जिनपर कोई कार्यवाही नहीं हुई है । उसके लिये समय-बद्ध कार्यक्रम बनाइये, टाइम-बाउन्ड प्रोग्राम को ले कर चलिये । हमें यह समस्या ज्यादा दिनों तक अपने समाज में कायम नहीं रखनी है ।

अधिष्ठाता महोदय, मैं अनुसूचित जाति में पैदा हुआ हूं, लेकिन मुझे दुख होता है—मैं आप को बता नहीं सकता कि मेरे हृदय की क्या गति होती है—जब मैं रिजर्व्ड सीट से चुन कर आता हूं । मैं नहीं चाहता हूं कि मैं रिजर्व्ड सीट से चुन कर आऊं, लेकिन राष्ट्र की इन परिस्थितियों के साथ मुझे

[श्री मही लाल]

अपने आप को मोल्ड करना पड़ता है । मैं उन विचारों का हूं कि जितनी जल्द सम्भव हो सके, हमें अपने इस समाज के इस कलंक को धोना चाहिये । इस कलंक को धोने के लिये हम ने गांधी जी की समाधि पर शपथ ली है । गांधी जी ने हरिजन समस्या के सम्बन्ध में स्पष्ट किया था, उन का लेख मौजूद है, जो अपने को स्वर्ण कहते हैं, जो साधन-सम्पन्न हैं, व अपने परिवार में एक हरिजन बालक को रख कर अपने बच्चों की तरह उस को शिक्षा-दीक्षा दिलायें । मैं दूसरी तरफ़ की बात भी कहता हूं—जो हम में सम्पन्न और समर्थ है उन को सवर्ण वर्ग के निर्धन से निर्धन बालक को अपने परिवार में रख कर शिक्षा-दीक्षा दिलानी चाहिये । तब हम एक नया समाज बना सकेंगे और समाज के बीच में जो घृणा का वातावरण है, उस को मिटा सकेंगे, दूर कर सकेंगे । लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है—सुबह से शाम तक हम गांधी जी का नाम लेते हुए नहीं थकते, जब बोलते नहीं थकते, वर्तमान शासन तो बिलकुल गांधी जी के रास्ते पर चल रहा है—जब यह गांधी जी के रास्ते पर चल रहा है तो आप मेरी इस भावना को गृह मंत्री जी तक पहुंचा दीजिये कि हमारे नेताओं को कम-से-कम एक हरिजन बच्चे को अपने परिवार में रख कर शिक्षा-दीक्षा दिलानी चाहिये ।

श्री धनिक लाल मंडल : आप स्वयं भी इस सम्बन्ध में गृह मंत्री जी से मिल सकते हैं ।

श्री मही लाल : लेकिन इस समय तो आप उन का और पूरे शासन का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं । वे यदि यहां होते तो मैं उन से भी इन्हीं शब्दों में निवेदन करता ।

श्री डी० जी० गवई (बुलडाना) : हरिजन नाम को ही खत्म कर दो । जब तक हरिजन नाम रहगा, तब तक जाति चलती रहगी ।

श्री मही लाल : मैं आप की बात पर भी आता हूं ।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आप दोनों सदनों की मूल्यांकन समिति जल्द से जल्द बैठाइये जो यह देखे कि आज क्या स्थिति हैं और अपनी रिपोर्ट एक वर्ष के अन्दर दे । अब तक कितना कार्य हो चुका है, कितना शेष है और जो शेष है उस को हम कितने समय में पूरा कर सकते हैं । यह मूल्यांकन समति, दोनों सदनों के जनप्रतिनिधियों को अविलम्ब बैठाने की कृपा करें ।

चौथी बात मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हरिजनों के नाम पर अनुसूचित जातियां और जन-जातियों के लिये बहुत से कानून बना दिये गये हैं । इन कानूनों से अल्मारियां भरी पड़ी हैं । अस्पृश्यता निवारण अधिनियम बना, दो-तीन बार उस में संशोधन हुए, लेकिन आज भी हरिजन मन्दिर में नहीं चढ़ सकता है, आज भी उस के लिये देव-स्थान बन्द है । तो इन कानूनों के बनाने से, आदेशों के निकालने से यह काम पूरा होने वाला नहीं है । आप की वर्तमान सरकार ने भी यह निश्चय किया है कि जहां-कहीं भी कोई अत्याचार या उत्पीड़न होगा, वहां के ज़िला अधिकारी और पुलिस कप्तान जिम्मेदार होंगे । क्या भारतवर्ष में किसी कलैक्टर या एस०पी० को आप के इस वर्तमान शासन ने कोई सज़ा दी ? नहीं दी होगी । आप एक और उदाहरण देखिये—देश की सभी सरकारों को बारबार यह आदेश दिया गया कि जो रिज़र्वेशन की उपेक्षा करेगा, उस अधिकारी को ब्लैक-एन्ट्री दी जायगी । लेकिन मैं समझता हूं आज तक शायद ही किसी को भूल से भी

बैंड-एन्ट्री मिली होगी । आज तक न किसी अधिकारी को बैंड-एन्ट्री मिली, न सज़ा मिली और न ही पदोन्नति की गई । तब फिर इस तरह के कानून बनाने से, गज़ट करने से, कोई लाभ होने वाला नहीं है ।

कल, अधिष्ठाता महोदय, मेरे ज़िला मुरादाबाद का पी०ए०सी० का एक कांस्टेबिल मेरे पास रोता हुआ आया । उसने अपने अफ़सर का हुक्म मानने से इन्कार कर दिया था कि वह घर के बर्तन नहीं मांजेगा, कपड़े नहीं धोयेगा । उसको मुअत्तिल कर दिया गया । मैंने उसे डी०आई०जी० के पास भेजा, डी०आई०जी० बजाये इसके कि उसके साथ कोई न्याय करता, उसने कमरा बन्द करके उससे इस्तीफ़ा लिखा लिया । वह रोता हुआ मेरे पास आया । मैंने कहा कि मैं क्या कर सकता हूं । एक घटना गत वर्ष की मुरादाबाद पुलिस ट्रेनिंग कालेज की है, जहां पर जाति के नाम पर दो सब-इंस्पैक्टरों में झगड़ा होता है । झगड़ा होने पर शेड्यूल्ड कास्ट का सब-इंस्पैक्टर जब बराबर में जवाब देता है, तो शेड्यूल्ड कास्ट के सब-इंस्पैक्टर को निकाल कर बाहर खड़ा कर दिया जाता है और उसे ट्रेनिंग कालेज से निकाल दिया जाता है, बर्खास्त कर दिया जाता है और उस सब-इंस्पैक्टर के खिलाफ़ जिसने जातीयता के नाम पर गाली दी थी, कोई कार्यवाही नहीं की गई । शेड्यूल्ड कास्ट का सब-इंस्पैक्टर आई०जी० और पुलिस मिनिस्टर के पास बराबर रोता रहा । मेरा विश्वास यह है कि जब तक आर्थिक विषमता नहीं मिटेगी, जब तक भूमि का बटवारा नहीं होगा, तब तक इस वर्ग का उत्पीड़न बराबर होता रहेगा । मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर एक ब्राह्मण ग़रीब होगा और दूसरी जाति के लोग समृद्ध, धनवान और भूमिपति होंगे चाहे वह शेड्यूल्ड कास्ट के ही क्यों न हों, वह उस ग़रीब ब्राह्मण को दबा लेगा । आज यह प्रश्न विवादास्पद नहीं रह गया है कि भूमि किसी की बपौती नहीं है । भूमि ईश्वर की देन है और ईश्वर की देन पर हर एक व्यक्ति का समान अधिकार है लेकिन आज जो बड़े-बड़े भूमिपति हैं, ज़मीनों के मालिक हैं, वे शेड्यूल्ड कास्ट के लोगों को पीड़ा पहुंचाते हैं, आज वे उन लोगों को ज़िन्दा जला रहे हैं, उन लोगों पर गोलियां चला रहे हैं और उनकी बहू-बेटियों के साथ बलात्कार कर रहे हैं । इसलिए मेरा कहना यह है कि आपकी पार्टी का, सरकार का यह फैसला होना चाहिए कि जितनी जल्दी से जल्दी सम्भव हो सके, भूमि जोतने वालों के हाथों में दी जाए । जो भूमि पर काम करेगा, वही किसान है । बिरला, टाटा आदि किसान नहीं हैं और यहां तक कि मैं और श्री बलबीर सिंह भी नहीं हैं क्योंकि हम दोनों हल नहीं चलाते हैं ।

चौधरी बलबीर सिंह (होशियारपुर) : आप नहीं चलाते होंगे । मै तो हल चलाता हूं ।

श्री मही लाल : ज़मीन का मालिक मैं भी हूं । हम हरिजनों के पास भी ज़मीन है और हम इसके बारे में जानते हैं ।

मुझे यह कहते हुए खुशी होती है कि बंगाल और केरल को छोड़ कर भूमि व्यवस्था के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश अग्रणी रहा है । उत्तर प्रदेश ने भूमि व्यवस्था के बारे में कानून बनाए हैं जबकि हमारे देश के दूसरे प्रदेशों में इतने प्रगतिशील अधिनियम नहीं बने हैं जैसे उत्तर प्रदेश में बने हैं । उन अधिनियमों को बनाने का बहुत बड़ा श्रेय हमारे वर्तमान गृह मंत्री जी को जाता है जो वहां के माल मंत्री रहे हैं । सबसे पहले उन्होंने वहां पर 30 एकड़ की ज़मीन की सीलिंग रखी थी और उसके बाद उसको साढ़े बारह एकड़ कर दिया । कंसोलीडेशन्स आफ होल्डिंग्स के बारे में मेरा बराबर उनका साथ सन् 1952 से रहा है और

[श्री मही लाल]

भूमि के अधिनियम बनाने में बराबर उन्होंने मेरे ऊपर कृपा की है। मैं उनके साथ उनके सहायक के रूप में रहा हूं। चकबन्दी में उन्होंने यह व्यवस्था कर दी थी कि जब किसी गांव की चकबन्दी हो, तो हरिजनों की आबादी के लिए, विशेषरूप से उनकी आबादी के लिए जमीन वहां पर छोड़ी जाएगी और उत्तर प्रदेश में चकबन्दी के अधिनियम में यह व्यवस्था भी की गई थी कि छोटे किसान को गांव के पास ही जमीन दी जाएगी लेकिन चाहे आप जितने अच्छे कानून बना दें जब तक उन पर अमल नहीं होगा, तब तक हालत सुधर नहीं सकती है। अभी हमारे माननीय सदस्य श्री रामलाल राही शिकायत कर रहे थे कि छोटे किसानों को गांव से दूर जमीन दी जा रही है। यह व्यवस्था अधिनियमों में है कि छोटे किसानों को गांव के करीब जमीन दी जाए और हरिजनों की आबादी के लिए जमीन छोड़ी जाए लेकिन उनके लिए जमीन नहीं छोड़ी जाती और छोटे किसानों को गांव के पास जमीन नहीं दी जाती। इस तरह से कानून, अधिनियम और सरकार के आदेश निरर्थक न हो जाएं, इसलिए मैं आपसे यह निवेदन करूंगा कि आगे आप नए कानून बनाएं बल्कि जो आदेश और कानून बने हुए हैं, उनको मूर्तरूप दिया जाए और ठीक तरह से प्रैक्टिस में लाया जाए।

अब मैं नौकरियों में आरक्षण की बात कहता हूं। वह मैं जब कहता हूं कि मुझे चिराग तले ही अंधेरा दिखायी देता है। शायद नौकरियों में लोक सभा सचिवालय में ही आरक्षण पूरा नहीं होगा, और किसी को बात क्या कहूं। स्टेट गवर्नमेंट्स की बात तो दूर रही, केन्द्रीय सरकार के विभागों में, उसको वित्त पोषित संस्थाओं में आरक्षण पूरा नहीं है। इन अर्धपोषित संस्थाओं की बात तो छोड़िए शासन के अपने विभागों में रिजर्वेशन पूरा नहीं है। यह आपको देखना होगा। माननीय राज्य मंत्री जी यह हरिजनों का मामला है, यह आपको देखना होगा कि यह सब विभागों में पूरा है, सब संस्थाओं में पूरा है या नहीं। और अगर नहीं है तो पूरा क्यों नहीं हुआ है?

यह कहे बिना मुझसे नहीं रहा जाएगा कि कांग्रेस ने जमींदारी उन्मूलन का कानून पास किया। हमारे बड़े भाई श्री राममूर्तिजी थे इनसे सीनियर नेताओं ने कांग्रेस के कानून बनाने से पहले ही किसानों से मालगुजारी लेना बंद कर दिया। हमारे उन्नाव जिले के माननीय विश्वंभर दयाल त्रिपाठी और खुशवक्त राय ऐसी विभूतियां थीं जिन्होंने कांग्रेस के कानून पास करते ही किसानों से लगान लेना बन्द कर दिया। वहां हमारे कांग्रेस के ऐसे भी साथी थे जिन्होंने यह देखा कि सीलिंग का कानून पास हो गया है और सीलिंग में जमीन निकलने जा रही है तो हाई कोर्ट में जा कर उसके खिलाफ स्टे आर्डर ले आए और स्टे ले कर जमीन पर कब्जा जमाए बैठे हैं।

बहुगुणाजी ने अपनी चीफ मिनिस्ट्री में यह तय किया कि गांव समाज की आठ फीसदी से कम जमीन भी अगर छूटी हुई है तो वह खेत मजदूरों को दे दी जाए। लेकिन जैसे ही श्री नारायण दत्त तिवारीजी चीफ मिनिस्टर बन कर आए, तो उन्होंने उस समय को प्रधान मंत्रीजी के इशारे पर यह फैसला कर दिया कि अब गांव समाज की जमीन

बांटी ही नहीं जाएगी। आठ फीसदी, पांच फीसदी या दो फीसदी की बात तो अलग है। चौधरी चरण सिंह के बनाए हुए कानूनों पर बहुगुणाजी ने अमल करना शुरू किया और कहा कि बेनामी खातों को मौके पर जा कर चेक करो, यदि कोई जमीन किसी के एक्चुअल पोजेशन में नहीं है। तो वह जमीन उसके नाम दिखा दी जाय जो कि उसे जोत रहा है। लेकिन इंदिराजी के लाडले नारायण दत्त तिवारीजी ने जो पहला काम किया वह यह था कि जो भी प्रगतिशील नीतियां थीं उन सबको खत्म कर दिया। जो जमीन सीलिंग में से निकल गयी थी उसको उन्होंने बंटने से रोक दिया।

माननीय मंत्री जी से मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि भू-क्रांति किए बिना, जमीन जोतने वाले को मालिक बनाए बिना आप इस समस्या को हल नहीं कर पायेंगे। क्योंकि बहुसंख्यक हरिजन देहातों में रहते हैं और देहातों के लोगों का काम खेती करना है। वे खेती पर निर्भर करते हैं। चाहे भाई राममूर्ति जी की जमीन हो, चाहे भाई उग्रसेन जो की जमीन हो, उनकी जमीन का मालिक आप उस जमीन के जोतने वाले को बना दीजिए; इस समस्या का हल स्वतः होता चला जाएगा।

रेलवे मिनिस्टर साहब यहां मौजूद नहीं हैं। पता नहीं रेलवे राज्य मंत्री मेरी बात उन तक पहुंचा पायेंगे या नहीं। मैं रेलवे मिनिस्टर साहब श्री मधु दण्डवतेजी को बड़ा प्रगतिशील मानता हूं। लेकिन जो केन्टीनों के ठेके पहले शेड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों को दिए जा रहे थे, उनके रहते हुए अब हरिजनों से वे दुकानें छीनी जा रही हैं और वे दुकानें स्वर्ण जाति के लोगों को दी जा रही हैं, वे ठेके उन लोगों को दिए जा रहे हैं।

अनुदानों का जो रुपया भारत सरकार राज्य सरकारों को देती है उस रुपए में से बीस प्रतिशत रुपए का भी सदुपयोग नहीं हुआ है और इस तरफ आपका खास ध्यान जाना चाहिए। जिस काम के लिए दिया जाता है उस काम में वह खर्च होना चाहिए। वह लैप्स भी नहीं होना चाहिए। शासन का मुझे भी थोड़ा सा अनुभव है। हरिजनों के लिए जो रुपया जिला परिषद् के पास गया मैंने देखा है कि जिला परिषद् के अध्यक्ष ने मिर्जापुर में श्री रूप नाथजी ने उस रुपए से अपने फार्म में क्वार्टर बना लिए और वहां ट्यूबवेल बनवा लिया। भिन्न-भिन्न प्रकार से उस रुपए का दुरूपयोग होता है। आप स्टेट गवर्नमैंट्स पर पाबन्दी लगाएं, चैक लगाएं, प्रजातंत्र बिना चैक्स और बैलैंसिस के कामयाब नहीं हो सकता है और अगर आप चैक नहीं लगाएंगें और राज्य सरकारों की इच्छाओं पर छोड़ देंगे तो फिर आप समझें कि स्टेट गवर्नमेंट्स में मंत्री लोग सब दूध के धुले हुए नहीं हैं, पैसे का दुरूपयोग होगा।

सभापति महोदय, मुरादाबाद और बिजनौर का मुझे निजी अनुभव है। हरिजनों को वहां पर जो जमीन के पट्टे दिए गए थे वे सैंकड़ों की तादाद में नहीं हजारों की तादाद में खारिज हो रहे हैं। एक-एक हरिजन पर जिसको पट्टा मिला है दस-दस मुकदमे बनाए जा रहे हैं। डी० एम० और एस० पी० हमारे एम० एल० एज और मिनिस्टर के डर की वजह से कुछ कर नहीं पा रहे है और जो थोड़ा बहुत करना भी चाहते हैं और कोशिश करते है तो उनका स्थान जिले में न हो कर सचिवालय में होता है, उनको वहां बुला लिया जाता है, उनको वहां जगह दे दी जाती हैं। वे जिले में नहीं रह सकते हैं।

[श्री मही लाल]

मैं चाहता हूं कि इस तरह की जो चीजें हैं इनकी तरफ भी आपका ध्यान जाए।

वर्तमान शासन की नीयत पर मुझे सन्देह नहीं है। गृह मंत्रीजी को मैंने बहुत निकट से देखा है और बहुत निकट से मैं उनको जानता हूं। गरीबों के लिए वह रो भी पड़ते हैं, आंसू भी उनके निकल जाते हैं। सही मानों में अगर आपको गरीबों की सेवा करनी है तो जो रुपया आपको मिलता है उस रुपए को खर्च करने का तरीका आपको बिल्कुल बदलना होगा, पैटर्न को आपको चेंज करना होगा, छोटे-छोटे उद्योग आपको देहातों में लगाने होंगे। हरिजनों को डेरी के वास्ते जमीन मिलनी चाहिए, रहट और कुओं के लिए कर्जे मिलने चाहिएं। एक हजार रुपया मकान बनाने के लिए आप देते हैं, ढाई सौ रुपया भैड़ा पालने के लिए देते हैं लेकिन आप क्या जानते है कि जो हजार रुपया उनको मिलता है उसके बदले उन बेचारों का डेढ़ हजार खर्च हो जाता है? नीचे से ऊपर न मालूम कितने लोगों को उनको रिश्वत देनी पड़ती है। समाज का पूरे का पूरा ताना बाना बिखरा हुआ है। वे पूरे के पूरे भिखारी बना दिए गए हैं। उन दोस्तों को जिनको मैं अभी छोड़ कर आया हूं, उनके वास्ते लड़ते-लड़ते मैं हार गया हूं और मैं अपनी हार मानता हूं, अपनी हार स्वीकार करता हूं, मैं कामयाब नहीं हो पाया इसको मैं मानता हूं। मैं मजबूर हो गया था हार मानने को इंदिराजी के बाद संजय गांधी नजर आने लग गए थे।

मैं प्रार्थना करता हूं कि आप पार्लियामैंट के मैम्बरों की एक कमेटी बनाएं जो माननीय सदस्यों ने विचार रखे हैं उन पर विचार करे। साथ ही साथ जो रुपया प्रान्तों में जाता है वह उन कामों पर खर्च हो जिन कामों के लिए वह दिया जाता है। इसको देखने की भी आप कृपा करें और यह कमेटी उसको भी देख सकती है।

नव बौद्धों की मागों पर भी आपको विचार करना चाहिए। उनकी रिश्तेदारियां, नातेदारियां बेटी, बेटा सब हमारे साथ ब्याहे जाते हैं। वे अलग नहीं हैं। उनको अनुसूचित जातियों में आपको शामिल करना चाहिए और उनको भी वही अधिकार आपको देने चाहिएं। वे कोई दूसरे नहीं है। ऐसा करके आप उन पर कोई दया नही करेंगे। यह उनका राइट है, हक है। जो हरिजन पढ़-लिख गए थे उन्होंने ही बौद्ध धर्म स्वीकार किया है, धर्म परिवर्तन किया हैं, वर्ण व्यवस्था से तंग आकर किया हैं। जातपांत के नाम पर जो अन्याय हों रहा हैं उससे तंग आकर उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाया है। लेकिन वे हमसे अलग नहीं हैं। उनकी मांग को आप स्वीकार कर लें और जितनी जल्दी आप कर लें उतना ही अच्छा होगा।

मैं यह भी चाहता हूं कि ठेकेदारी प्रथा जो शोषण का एक बड़ा भारी साधन है इसको भी आप समाप्त करें।

लोकबाडीज, नगर पालिकायें महापालिकायें जो व्यापारिक संस्थाऐं

बना रही है, दुकानें बना रही है या और काम कर रही है, मेहरबानी करके आप नीति बना दें कि उनमें भी हरिजनों को उनकी संख्या के अनुपात में दुकान और मकान आदि दिए जाएंगें।

अपने उत्तर प्रदेश के बारे में मैं जानता हूं, बिहार के मंत्री जी, आप जानते होंगे कि पूरी तरह से उपेक्षा हो रही है, कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मैं आशा करता हूं कि आयोग में जनसेवी लोग होंगे। मैं एक उदाहरण सुना दूं। मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है उत्तर प्रदेश के पुलिस कमीशन का मेम्बर रहने का जिसमें आई० ए० एस० आई०पी०एस० और, रिटायर्ड जजेज सदस्य थे मैंने 1958–59 में यह कहा कि महिला पुलिस की व्यवस्था कीजिए। मेरा अकेला नोट आफ सिसेंट था, लेकिन मेरी बात को कमीशन में किसी ने नहीं माना। लेकिन मेरे कहने के पांच साल बाद महिला पुलिस की व्यवस्था करनी पड़ी उत्तर प्रदेश में, और आज महिलायें कांस्टेबिल, दरोगा, डी० एस० पी०, एस० पी० के पदों पर काम कर रही है। मेरा कहने का मतलब यह है कि अधिकारियों का ऐसा दृष्टिकोण होता है।

इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

SHRI K. PRADHANI (Nowrangpur): Mr. Chairman, Sir, before I speak on this Commissioner's Report, I would like to speak something about my substitute motion which stands against my name under serial No. 1. There is a Scheduled Tribe in the districts of Kalahandi and Koraput of Orissa State, it is enlisted in the Schedule Tribe Order under Serial No. 5 and that tribe is known as 'Bhattara' in the two districts of Kalahandi and Koraput. According to the Schedule Order, there is no area restriction in this State and the scheduled tribes mentioned in that list are meant for the whole State. In the year 1976, we passed a Bill known as the Area Restriction Removal Bill. Accordingly all area restrictions within the States were removed. There is also a judgement of the Supreme Court regarding the spelling variation between the name of the scheduled tribe community mentioned in the List and in the names held by the persons belonging to the schedule tribe community. For instance, the name of the scheduled tribe community 'Bhattara' is mentioned in the List as 'Bhatara'. Therefore, such spelling mistakes should be condoned and they should be accepted. The Supreme Court judgement also said that this kind of anomaly should not be viewed seriously. Sir, I have also written a letter to the Home Minister on 15th July 1977 requesting him to consider this and extend all the privileges to the scheduled tribes of Kalahandi district. The privileges that are allowed to this scheduled tribe residing in the other district of Koraput are not being allowed to the scheduled tribes of Kalahandi district for the last 20 years.

Then, Sir, I come to the reservaion of posts to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. In the Commissioner's report of 1973-74, I find that in Clauses 1, 2, 3 and 4, the percentage of scheduled castes employed is 3.58, 4.85, 10.34 and 17.86 respectively. The figures for the Schedule Tribes are, respectively, 0.65, 0.50, 2.35 and 4.25 per cent. This is with regard to the Central Services upto 1-1-1974. The reservation for the Scheduled Castes is 15 per cent, for the Scheduled Tribes it is 7.5 per cent. But the figures I quoted show how meagre the actuality is and how the backlog is more than expected, especially for the Scheduled Tribes, which is so negligible. That it is regrettable to say in this House. Even in respect of class III and IV services as against 7.5 per cent we have only 2.35 per cent in class III and 4.25 per cent in class IV. The appointing authorities generally say that candidates are not available with them and the vacancies are sometimes dereserved and they are given to the other people. In Delhi when they call people for interview for class III

[Shri K. Pradhani]

or class IV posts, they say that no Scheduled Tribe candidate is available. I submit there are no Schedule Tribes in Delhi, Punjab, Haryana, Jammu and Kashmir, Schedule Tribe people are there in Orissa Madhya Pradesh, Gujarat and Assam....(An Hon. Member.....West Bengal). So, when there is an advertisement in Delhi for some posts reserved for Scheduled Tribes, they cannot expect people to come from Assam or Orissa to work as clerks or peons. So automatically all these posts get dereserved. That is why I suggest that there should be regional reservation. For instance, in Orissa the Scheduled Tribes constitute 24 per cent and the Scheduled Castes 15 per cent. There may not be much difficulty for Scheduled Castes getting their quota filled in respect of class III and IV posts because they are there all over the country. But it is not so with regard to Scheduled Tribes and so regional reservation will have to be there. Therefore, I ask the hon. Minister to adopt a new policy of regional reservation for class III and IV posts.

Regarding class I and II posts they say that suitable candidates do not come for interview. Article 335 says that the claims of members of the Scheduled Castes and Tribes shall be taken into consideration consistently with the maintenance of efficiency of administration.

Article 16(4) of the Constitution contains the provision about reservation but article 335 takes away almost all the privileges given in that article. Taking advantage of the words 'consistently with the maintenance of efficiency of administration', the appointing authorities take the plea that those people who appear for interview are not competent to fill class I or II posts. Even if they may be first class MAs, they are rejected as unfit for that job Government has clarified in the standing orders that this phrase 'consistently with efficiency' means that they would be given relaxation to an extent of 5 marks. It is not a reservation but only a simple concession. Unless the Government gives more concessions and accepts all the Scheduled Castes and Scheduled Tribes people who have passed the degree examination or post-graduate examination, the reserved vacancies in class I and II are not going to be filled up. Therefore, I would like to urge the Minister to give some more concessions to remove the back-log.

Then I come to Tribal development. The latest strategy of the Government of India with regard to Tribal Development, is to eliminate exploitation and to gear up economic development. In pursuance of this, the Government of India have taken steps to stop the exploitation of the tribal people. They have taken several steps to stop money-lending and liquor vending etc.

श्री छबिराम अंगल (मुरैना) : सभापति महोदय, बड़े जोर शोर से माननीय सदस्य बोल रहे हैं। कांग्रेस के मित्रों को इतना भी ख्याल नहीं है कि शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के ऊपर चर्चा चल रही है, वे यहां मौजूद रहें। उनकी सारी बेंचेज खाली हैं।

SHRI K. PRADHANI: Integrated Tribal Development Projects have been started to eliminate exploitation and to accelerate economic development. Large scale multipurpose co-operative Societies have been started to provide necessary financial assistance to the tribal people, and to help them in marketing their agricultural produce. In Tribal areas, the money-lenders and businessmen take the utmost advantage in exploiting the tribal people. That is the reason why, the Government was pleased to put an end to this exploitation.

I would like to read a letter which was written by Shri C. P. Majhi, a Deputy Minister for Petroleum and Chemicals, very recently on 14th September, 1976. He has stated:

> "While coming from Koraput to Vizag on the morning of 6th September, I happened to pass through a weekly market at a place caled Railgada....As the tribal farmer is not

capable of expressing himself properly and is also not knowing the actual price of his produce, the purchaser who is invariably a man from outside, takes advantage of his ignorance and cheats the tribal. The tribal is also incapable of defending himself when his stock is forcibly taken by the purchaser, putting whether amount he pleases into the hands of the tribal. I saw myself a man forcibly taking away about 3 Kilos of ginger from a tribal, putting only three one rupee notes in his hand. Thus the tribal becomes helpless and is not capable of protecting himself."

This letter was addressed to Shri Rama Chandra Ulaka, Minister of Tribal and Rural Welfare, Government of Orissa. I would urge the Minister to gear up all the institutions started under the Integrated Tribal Development Programme to minimise the exploitation of the tribal people.

Lastly, there are Project Directors appointed as the Heads of the integrated Tribal Development Projects. I come from a place where there is a Tribal Development Project for a subdivisions, which is known as Nowrangpur. It has got ten ITDP blocks. There is a Project Director who is of the rank of an Additional District Magistrate. According to the latest policy decided by the Government of India, the law and order situation should be under the direct control of the project administrator and he should be the administrative authority of that project area. But I am sorry to say that this practice is not being followed. The A.D.M. who has been posted as the ITDP officer has a very small room in a very small office in a corner of the town. He is quite aloof from the administrative authorities. The S.D.O. is different. The Collector is somewhere else. He is only entrusted with the development work. He has no jeep. Whenever he wants to go on tour he has to approach somebody else for a jeep for carrying on the ITDP propaganda work. The integrated tribal development project, which has been conceived recently as the new pattern of administration, will not succeed unless both law and order and development are linked together. At present, the tehsildar and revenue officers are separately appointed and these people are only meant for development projects. These should be linked together. So, I request the hon. Minister to pass necessary orders to the State Government of Orissa to revise this pattern of administration.

फादर एन्थनी मुरमू (राजमहल) : सभापति महोदय, यह जो कमिश्नर की रिपोर्ट है, अनुसूचित जाति और जन जाति के सम्बन्ध में, हम जिस पर हम बहस कर रहे हैं उसको पढ़ने से तो बहुत अच्छा लगता हैं लेकिन जहां तक उसको कार्यान्वित करने का सवाल है उसमें यह टोटल फेल्योर है । जब हम अपने क्षेत्र में घूमते हैं जो कि मुख्यत: आदिवासी क्षेत्र है तो हम देखते हैं कि वहां पर कितनी असमानता और गरीबी है । तीस वर्षों की आजादी के बाद भी हम देखते हैं कि हमारी हरिजन और आदिवासी जातियों के के साथ अन्याय हो रहा है । उनकी जमीनें छीनी जा रही हैं । उनको जो शिक्षा मिलनी चाहिए वह नहीं दी जा रही है । उनके स्वास्थ्य के लिए जो अस्पताल खुलने चाहिएं वह नहीं खोले जा रहे हैं । उनके क्षेत्र में आवागमन के कोई साधन नहीं हैं । इस प्रकार हर क्षेत्र में वे पिछड़े हुए हैं ।

इस बार जब हम अपनी कांस्टीट्यून्सी का दौरा कर रहे थे तो देखा कि मकई न होने के कारण वहां बिल्कुल भुखमरी की हालत थी (यहां पर हमने सरकार से राहत के लिए प्रार्थना की तो वह भी समय पर नहीं पहुंची । इसका नतीजा यह हुआ कि जो महाजन लोग हैं उन्होंनें गरीब आदिवासी लोगों के बर्तन ले लिए, महिलाओं के जेवर ले लिए, उनके पास जो बैल थे वह भी ले लिए । जब सरकार से निवेदन करते हैं कि हमको खेती के लिए बैल चाहिए तो ब्लाक के बी डी ओ

[फादर एन्थनी मुरमु]

बोलते हैं कि हमारे पास पैसा नहीं है। तो इस तरह से जो हम एक विशस सर्किल में पड़ गए हैं उसका समाधान होना चाहिए। इसलिये मैं आप से यह अनुरोध करूंगा कि हमारे लोगों को न्याय मिले, जो खेती करने योग्य हैं उन को अपनी उपज का उचित दाम मिले और जो मजदूरी करते हैं उन को सरकारी नियम के अनुसार मजदूरी मिले। तब बहुत अंशों में यह गरीबी, दरिद्रता, दूर होगी। समय समय पर हम देखते हैं कि महाजन और आदिवासियों में मुठभेड़ हो जाती है। जमीन आदिवासी की है, लेकिन जोत रहे हैं–महाजन लोग और इस मुठभेड़ में गोली भी चल जाती है। हमारे लोगों के पास चूंकि बन्दूक नहीं हैं, इसलिए मारे जाते हैं। जैसा कि अभी एक माननीय सदस्य ने बताया कि मंडल बेसरा सन्थाल पीरपैंती थाथ-ग्राम बारभसिया का इस तरह की मुठभेड़ में मारा गय। इसलिए मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि उन महाजन लोगों के पास जो आदिवासियों की जमीन जोतते हैं, बन्दूक न रहने दी जाये। बन्दूक न रहने से वे गोलियां नहीं चला सकेंगे।

सिचांई की व्यवस्था होनी चाहिए

हम अपने क्षेत्र में देखते हैं कि सरकार की ओर से करोड़ों रुपये की योजनायें हैं, लेकिन इस काम के लिए जो जमीन ली जाती है—कैनाल बनाने के लिए, उस जमीन की कीमत समय पर उन लोगों को नहीं मिल पाती है। यह आप के लैंक एक्वीज़ीशन डिपार्टमेण्ट की कमी है जो समय पर उन को यथार्थ रूप में जमीन की कीमत नहीं देते हैं। इस से पब्लिक ओपीनियन खराब हो जाती है और जो सचमुच अच्छी योजनायें भी हैं उन में लोग सहयोग नहीं करते हैं।

इसके बाद मैं कुछ रीजनल भाषा के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि आदिवासी भाषाओं को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए। कचहरियों में भी आदिवासी भाषाओं का प्रयोग होना चाहिए। सतांली भाषा का प्रयोग होना चाहिए क्योंकि हमारे लोग कानून को दूसरी भाषा में नहीं समझ सकते। इसलिए मेरा सुझाव है कि जो अफसर लोग हमारे आदिवासी क्षेत्र में काम करने के लिए जाते हैं, उन को वहीं की आदिवासी भाषा को सीखना चाहिए ताकि हमारे लोगों को न्याय मिल सके।

इस के साथ-साथ प्राइमरी लेबल से कालिज लेबल तक हमारे बच्चों को आदिवासी संताली भाषा की शिक्षा मिलनी चाहिए। इस भाषा को बोलने वाले 60–70 लाख लोग हैं। हमारे बच्चे जो कमिशन स्कूलों में पढ़ते हैं वहां तो टाप करते हैं, लेकिन सरकारी स्कूलों में पढ़नेवाले बच्चे अच्छे नम्बरों से उत्तीर्ण नहीं होते हैं। इस का कारण है—अवहेलना। आदिवासियों को हर समय सौतेला व्यवहार मिलता है—राजनीतिक दृष्टि से, सामाजिक दृष्टि से तथा आर्थिक दृष्टि से उन को जितना उठना चाहिए, उतना उठ नहीं पाते हैं। लेकिन यदि उस के साथ सच्चे रूप में व्यवहार हो तो वह अवश्य ऊपर उठ सकता है।

यह जो रिपोर्ट हम को मिली है—इससे भी आप को पता चलेगा—जहां तक एमप्लायमेण्ट का सवाल है, हम लोग राष्ट्रीय स्तर से बहुत नीचे हैं। शिक्षा के मामले में तो अभी तक 10 फीसदी पढ़े-लिखे लोग नहीं हैं। सरकारी नौकरियों में हम लोग बहुत से डिपार्टमेण्ट्स में एक प्रतिशत भी नहीं हैं। तो यह बहुत अफ़सोस की बात है और लज्जा की बात है कि हमारे स्वतन्त्र भारत में यह असमानता अभी तक है। इस को दूर करना ही चाहिए और जब तक हम मानवता की भावना को लेकर आग नहीं

बढ़ेंगे तब तक हमारे देश में करोड़ों लोगों की हालत ऐसी ही रहेगी और वे दबाए जाएंगे। इसलिए हम लोगों को यह ध्यान देना चाहिए कि अनुसूचित जाति या जनजाति के जो लोग हैं वे भी मानव हैं और उन को ऊंचे स्तर पर लाने के लिए मानवता की भावना को लेकर चलना चाहिए। मैं आप से यह निवेदन करता हूं कि संसद् सदस्यों को हर सुविधा मिलनी चाहिए जिस से वे अपने क्षेत्रों में घूम सकें और इस कारण मिनिस्टरों और संसद् सदस्य में बहुत कम रहना चाहिए क्योंकि एक संसद् सदस्य को 10 लाख या 12 लाख आदमियों को देखना पड़ता है और उसकी पार्लियामेंटरी कास्टीटुयेन्सी एक हजार वर्ग मील की हैं और कहीं कहीं पर डेढ़ हजार और दो हजार वर्ग मील भी है। इसलिए उस के पास कन्वीयेन्स का होना बहुत जरूरी है और तभी यह सही रूप से अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा कर सकता है। अगर आप चाहते हैं कि वह मानव की सेवा करें तो उसको सब तरह की सुविधाएं मिलनी चाहिए। सरकार की तरफ़ से उस के लिए एक क्लर्क की व्यवस्था होनी चाहिए, साथ साथ एक ड्राइवर भी होना चाहिए और पोस्टेज उसे फ्री मिलनी चाहिए। 10 लाख लोगों की जो तकलीफें होंगी, उन की दरिद्रता को दूर करने के लिए उसे हर ब्लाक और हर क्षेत्र में जाना पड़ेगा। इस के अलावा जो इर्रीगेशन आदि की योजना वहां पर चलेंगी, उन पर सही रूप से चैक रखने के लिए इन सुविधाओं की उस को बहुत जरूरत है अगर वह अपना चैक नहीं रखेगा, तो भ्रष्टाचार बढ़ेगा। एडमिनिस्ट्रेशन और ब्योरोक्रेसी के भरोसे हम देश में सुधार नहीं ला सकते हैं। इन बातों पर आप को ध्यान देना चाहिए और मैं आशा करता हूं कि संसद् सदस्यों को आप पूरी सुविधाएं देंगे क्योंकि संसद् सदस्यों के प्रयत्नों से ही हमारे देश में सच्चा सोशलिज्म आएगा।

SHRI C. N. VISVANATHAN (Tiruppattur): Mr. Chairman, Sir, I am supporting the Motion moved by Prof. Madhu Dandavate about the Scheduled Castes and Scheduled Tribes in this Session. One Member from the Janata Party said that only 2 Congress Members are present in the House. I feel the same way about the Janata Party and about Government also. There is no Cabinet Minister present now; and the attendance in the House is only about 37, i.e. not more than 9 per cent This shows that the House and the Members are not showing adequate interest on this Motion. The people of India are watching very closely as to what this Government and this House are going to do for the welfare of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. There may be a false propaganda that the Government is doing much for the SCs and STs. We should do something concrete for the SCs and STs. Merely giving reservation of seats and some jobs to them is not enough.

MR. CHAIRMAN: Mr. Visvanathan will get his chance to continue the speech. The House now stands adjourned.

18 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, November 18, 1977/Kartika 27, 1899 (Saka)

GMGIPND—PMR—2416 L.S—16-12-77—9,000